दैनिक

नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

बिलासपुर, शुक्रवार 18 जून 2021, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-67 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना रूपी आपदा को अवसर में बदलने के लिए मानवता के दुश्मन नकली वैक्सीन लगाकर कमाई कर सकते है, यह शायद ही किसी ने सोचा होगा। मुंबई कि एक कालोनी में सोसायटी से लगभग चार लाख रूपए वसूल कर कुछ लोगों ने कालोनी के सैकड़ों लोगों को नकली टीका लगा दिया। उन्होने खुद को जिस नामी अस्पताल से संबद्ध बताया था उस अस्पताल ने उक्त कालोनी में अपनी टीम भेजने की बात नकार दी है। जाहिर है कि वैक्सीन की किल्लत का नाजायज फायदा उठाने वाले महामारी के मुजरिम सक्रीय हो गए है। इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही निहायत जरूरी है।

खास-खबर

गौतम अडाणी को मिनटों में लगा 46,399 करोड़ रुपए का झटका

नई दिल्ली (ए.)। अडाणी ग्रुप के स्टॉक्स, अडाणी इंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, अडाणी पावर, एटीजीए, अडाणी ट्रांसमिशन और अडाणी ग्रीन में आज भी भारी गिरावट हुई है। शेयर बाजार खुलते ही आडाणी ग्रुप के के शेयर धड़ाम हो गए। इसकी वजह से निवेशकों को तो तगड़ा झटका लगा ही है, साथ-साथ गौतम अडाणी को चंद मिनटों में 6.3 अरब डॉलर (करीब 4,63,99,18,50,000 रुपये) का झटका लग गया। फोर्बस रियल टाइम बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक सुबह साढ़े नौ बजे तक उनके नेटवर्थ में 6.3 अरब डॉलर की कमी दर्ज की जा चुकी थी। इस गिरावट के बाद वह 63.5 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 16 नंबर पर हैं।

टीम इंडिया ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान, मोहम्मद सिराज आउट

नई दिल्ली(ए.)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 18 जून से साउथम्प्टन के एजिस बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। शुक्रवार से खेले जाने वाले मैच के लिए भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन का ऐलान हो गया है। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा को टीम में जगह मिली है। वहीं मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली है। डब्ल्यूटीसी के फाइनल के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल को बतौर ओपनर जगह मिली है।

कांग्रेस-भाजपा का सियासी दांव, एक ने केन्द्र को कोसा तो दूसरे ने राज्य सरकार के वादों पर उठाए सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में इन दिनों सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी दांव पेंच बदस्तुर जारी है, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है तो वहीं, केन्द्र में भाजपा की सरकार। बहरहाल आलम यह है कि दोनों ही पार्टियां जनता की आड में अपनी-अपनी रोटी सेकने में लगे है। कांग्रेस ने बुधवार को पेट्रोल और तेल के बढ़ते दामों को लेकर प्रदर्शन किया तो वहीं, भाजपा ने राज्य सरकार के ढ़ाई साल पूर्ण होने को लेकर सवाल-जवाब करते नजर आया। वहीं, पूर्ण शराबबंदी को लेकर भी राजधानी सहित पूरे प्रदेशभर में भाजयुमो द्वारा प्रदर्शन किया गया।

मोदी सरकार की महंगाई से जनता परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में आटो एवं अन्य वाहनों में महंगाई के खिलाफ पोस्टर एवं माईक लगाकर 2014 के पूर्व महंगाई और पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम के संबंध में गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये भाषणों की क्लीपिंग जनता को सुनाई गई। प्रधानमंत्री के इन भाषणों की क्लीपिंग के बीच में महंगाई को लेकर अभिनेता रघुवीर यादव पर फिल्माया गया बहुचर्चित गीत ''सखी सईयां तो खूबै कमात हैं महंगाई डायन खाये जात है'' बजाया गया। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 2014 के पहले महंगाई को लेकर दिये गये भाषणों जिसमें वे तत्कालीन यूपीए सरकार को कोसते हुये कह रहे हैं-

■ शेष पृष्ठ 6 पर

ढ़ाई साल में विकास के सारे काम ठप्प : डॉ. रमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूर्ण होने पर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस अपने ढाई साल के कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से असफल साबित हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री डा. सिंह ने कहा कि इन ढाई साल में जहां प्रदेश में विकास के सारे कार्य ठप रहे, वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को श्वेत पत्र जारी कर सरकार की वित्तीय स्थिति की जानकारी सार्वजनिक कर प्रदेश के जनता को बताना चाहिए। राजधानी स्थित भाजपा कार्यालय में आज पूर्व मुख्यमंत्री डा. सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष डा. साय ने कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को लेकर प्रेस कांफ्रेंस वार्ता ली।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मौसम अलर्ट : बिजली गिरने की भी चेतावनी

प्रदेश में भारी बारिश की संभावना

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून का प्रभाव जारी है। प्रदेश के कई हिस्सों में छिटपुट बरसात हो रही है। विभाग ने करीब 20 जिलों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना जताई है। इन जिलों में एक-दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी हुई है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने शाम 4 बजे एक त्वरित पूर्वानुमान जारी किया है। इसके मुताबिक सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कवर्धा, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, नारायणपुर, बीजापुर और उनसे लगे जिलों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम का यह त्वरित पूर्वानुमान अगले चार घंटों के लिए यानी रात 10 बजे तक के लिए है।

मौसम विज्ञानियों ने बताया, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। निम्न दाब का क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे हुए बिहार के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर दक्षिण पंजाब से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य बिहार, दक्षिण असम, उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बरसात हो सकती है।

एक-दो स्थानों पर अति भारी बरसात की संभावना

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका पश्चिम राजस्थान से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश, दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा हो सकती है। री वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

बाबा रामदेव के खिलाफ एक और केस

एलोपैथी पर भ्रम फैलाने के आरोप में आईएमए ने कराई एफआईआर

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में योग गुरु बाबा रामदेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कोरोना के इलाज में दी जा रहीं एलोपैथिक दवाओं को लेकर गलत जानकारी फैलाने के आरोप में उन पर यह केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाबा रामदेव के खिलाफबुधवार रात को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की छत्तीसगढ़ यूनिट ने एफआईआर कराई है। रायपुर के एसएसपी अजय यादव ने बताया कि रामदेव के खिलाफ सेक्शन 188, 269 और 504 के तहत केस फाइल किया गया है। महामारी को लेकर लापरवाही बरतने, अंशाति फैलाने के इरादे से

■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रम पैदा करने की कोशिश

इसके अलावा मेडिकल जगत की ओर से इस्तेमाल की जा रही दवाओं को लेकर डराने वाली बातें कही हैं। इन दवाओं के इस्तेमाल को भारत सरकार और आईसीएमआर की ओर से मंजूरी प्रदान की गई है। उनके खिलाफदी गई शिकायत में सोशल मीडिया पर उनके वीडियोज का हवाला

■ शेष पृष्ठ 6 पर

एमपी में कराई शिकायत दर्ज

राम मंदिर ट्रस्ट: कांग्रेस नेता ने लगाया 1200 करोड़ के स्कैम का आरोप

भोपाल(ए.)। राम मंदिर ट्रस्ट के कथित घोटाले के आरोप पर सियासी गहमागहमी बढ़ती ही जा रही है। आम आदमी पार्टी (AAP) सांसद संजय सिंह के बाद अब कांग्रेस नेता ने इसमें घोटाले के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता पीसी शर्मा के मुताबिक इसमें 1200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। इतना ही नहीं उन्होंने मध्य प्रदेश में इसको लेकर एक शिकायत भी दर्ज कराई है।

पीसी शर्मा ने कहा, ''हमने राम मंदिर के लिए दान दिया और धन एकत्र किया। हमने मांग की कि दान चेक और डिजिटल माध्यमों से स्वीकार किया जाना चाहिए। निर्मोही अखाड़े के एक संत ने 1,200 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। हनुमान गढ़ी और रामलला मंदिरों के पुजारियों ने जांच की मांग की है।'' कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भूमि खरीद में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए भोपाल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

एलजेपी अध्यक्ष बने पशुपति पारस बोले, भतीजा तानाशाह हो जाए तो चाचा क्या करेगा

पटना (ए.)। एलजेपी का अध्यक्ष बनने के बाद पशुपति पारस ने पहली ही प्रेस कांफ्रेंस में भतीजे चिराग पासवान पर जोरदार हमला बोला। पूर्व सांसद सूरजभान के आवास पर हुई बैठक में अध्यक्ष चुने जाने के बाद पारस पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। पार्टी में प्रजातंत्र के सवाल पर खींझते हुए पारस ने कहा कि भतीजा तानाशाह हो जाए तो चाचा क्या करेगा। यह प्रजातंत्र है कोई आजीवन अध्यक्ष नहीं रह सकता।

पारस ने अपने निर्वाचन को लेकर बात करते हुए कहा कि पार्टी में उनका कोई विरोध नहीं है। अगर ऐसा होता तो वह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित नहीं होते। पारस ने कहा कि उनके अलावा किसी अन्य ने नामांकन ही नहीं दाखिल किया। ऐसे में उन्हें निर्विरोध चुना गया है।

यूपी विधानसभा चुनाव 2022

छोटे दलों और बागी नेताओं पर समाजवादी पार्टी की नजर

लखनऊ(ए.) । वर्ष 2014 से पिछले तीन बड़े चुनावों में करारी हार झेल चुकी समाजवादी पार्टी (सपा) उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले छोटे दलों से तालमेल के अलावा बड़े दलों के बागी नेताओं पर नजर बनाए हुए है। वर्ष 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव के अलावा 2017 में विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद सपा नेतृत्व का बड़े दलों से तालमेल को लेकर मोहभंग हो चुका है। 2017 में कांग्रेस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने का खामियाजा उसे करारी शिकस्त के साथ उठाना पड़ा था जबकि 2019 में लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के साथ गठबंधन को भी जनता ने नकार दिया था।

दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है की कहावत को आत्मसात करते हुए सपा अध्यक्ष इस बार किसी बड़े दल को साथ लेने के बजाय छोटे दलों को गले

मुकुल रॉय की जेड प्लस सुरक्षा वापस ली गई

नई दिल्ली(ए.)। पश्चिम बंगाल के नेता एवं विधायक मुकुल रॉय को मिली जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा वापस ले ली गई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बता दें कि रॉय कुछ दिन पहले बीजेपी छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में वापस आ गए थे। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को 67 वर्षीय रॉय की सुरक्षा में तैनात जवानों को वापस बुलाने का निर्देश दिया है।

अव्यवस्था : कबीरधाम जिले के कई ऐसे ग्राम है, जहां दोपहिया वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल होता है

बैगाओं ने घाट काटकर बनाया मार्ग, तो आज भी कुछ लोग कर रहे इंतजार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत जहां आवागमन को लेकर मार्ग सुगम हुआ वहीं आज भी कबीरधाम जिले के कई ऐसे ग्राम है, जहां दोपहिया वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल होता है। कबीरधाम जिले के क्षेत्रांतगर्त ग्राम पंचायत गोछिया के समीप ग्राम मुंगेलीडीह से थानखम्हरीया(दुर्ग) सफर करना जान जोखिम में डालने से कम नही है। दरासल मुख्य मार्ग पर ही इतना बडा गड्ढा नियमित हो चुका है। तो देखने में तो तालाब की तरह लगता है। और इस मार्ग से गुजरने सें लोगो को बडी दुर्घटना घटित होने की आंशका बनी रहती है। ग्रामीणो की माने तो आए दिन इस स्थान पर छोटी-मोटी दुर्घटनांए घटित होते रहती है। कबीरधाम जिले में आज भी ग्रामीण क्षेत्रो के लोग ऐसे मार्गो को बनाए जाने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधि से करते आ रहे है, लेकिन ऐसे मार्ग आजतक सुगम नही हो पाए है, भले ही रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत वनांचल क्षेत्रो की तश्वीरे बदलती दिखाई दे रही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, कहते है कि सडको की जाल से जहां लोगो की आर्थिक उन्नती होती है, वहीं आवागमन भी सुगम हो पाता है। जिले के सुदूर वनांचल ग्राम भेलकी और अधचरा की जो कि विकासखंड पंडरिया का

■ शेष पृष्ठ 6 पर

जंगलो से मिला छुटकारा

जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्रों की तो सड़कों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग आवागमन के लिए जंगलों का सहारा लेते हुए पथरीले एवं टेढ़े-मेढ़े गड्ढों के साथ जोखिम से भरे पहाड़ों के बीच से आना-जाना करते हैं, जो उनके लिए बहुत कष्टदाई होता है। पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले बैगा बहुल गांव भेलकी व अधचरा के निवासियों के लिए भी पहाड़ों के बीच से घाट कटिंग कर सड़क बनाने की मांग अत्यंत महत्वपूर्ण थी जिसे पूरा किया है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने।

समस्या का हुआ समाधान

मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के. ने बताया कि भेलकी के ग्रामीणों की मांग पर अधचरा से भाकुर के बीच में घाट कटिंग करने का काम महात्मा गांधी नरेगा योजना से स्वीकृत किया गया। वर्तमान में यह कार्य प्रगतिरत है जो कि बहुत जल्द पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करने में 140 परिवारों को रोजगार का अवसर मिला है तथा घाट कटिंग हो जाने से पहाड़ों के बीच आवागमन की सुविधा बैगा आदिवासियों को प्राप्त होगी जो आसपास के लगभग 400 से अधिक की आबादी को सीधे लाभ पहुंचाएगा।

सरकार ने वाहन चालकों को दी राहत

ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी समेत मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता बढ़ाई गई

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने कोरोना की वजह से ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता को 30 सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इससे पहले 30 मार्च 2020, नौ जून 2020 और 24 अगस्त 2020, 27 दिसंबर,2020 और 26 मार्च,2021 को मोटर वाहन कानून, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 से संबंधित दस्तावेजों की वैधता के संबंध में परामर्श जारी किया था।

सरकार के इस फैसले से उन सभी लोगों को राहत मिलेगी जो कोविड-19 महामारी के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से अपने दस्तावेजों को रिन्यू (नवीनीकृत) नहीं करा पाए थे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को एक एडवायजरी जारी कर परिवहन विभागों को निर्देश दिया कि पिछले साल फरवरी से जिन मोटर वाहन चालकों के दस्तावेजों की वैधता खत्म हो गई है उनके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाए।

न्यूज गैलरी

शासकीय दृष्टि एवं श्रवणबाधितार्थ स्कूल तिफरा में प्रवेश 15 जुलाई तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु कक्षा 01 से 12 के लिए संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्च, माध्यमिक विद्यालय तिफरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन 495001 में शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु विद्यालय प्रवेश प्रक्रिया 15 जुलाई 2021 तक जारी है।विद्यालय प्रवेश हेतु जन्म प्रमाण-पत्र (नगर निगम द्वारा या थाना द्वारा अभिप्रमाणित), जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित), आय प्रमाण-पत्र (अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित) या गरीबी रेखा प्रमाण-पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित), चिकित्सा प्रमाण-पत्र (जिला चिकित्सा मण्डल द्वारा अभिप्रमाणित), पूर्व विद्यालय का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (विद्यालय प्रमुख द्वारा अभिप्रमाणित), पिछले कक्षा की अंकसूची, आधार कार्ड की छायाप्रति, फोटो रंगी पासपोर्ट 10 नग, बैंक पासबुक छायाप्रति यूडीआईडी कार्ड (सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित) दस्तावेज सहित आवेदन किया जा सकता है। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित दिव्यांग विद्यार्थी, पालक द्वारा पंजीकृत डाक से भेजे गये आवेदन पत्र भी स्वीकार किये जायेंगे एवं संस्था के ई-मेल आईडी sup.blinddeafschool@gmail.com पर भी आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक जानकारी के लिए शिक्षक श्री ए.पी. गौतम मो.नं. 8109707870 एवं शिक्षक श्री प्रदीप शर्मा मो.नं. 9993215363 पर संपर्क किया जा सकता है।

दंडित बंदी सविता गिरी गोस्वामी की मृत्यु पर दंडाधिकारी जांच के आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। दंडित बंदी सविता गिरी गोस्वामी, उर्फ गुड्डी उर्फ सुरेखा पति चन्द्रभान गिरी गोस्वामी, उम्र लगभग 45 वर्ष जाति गोस्वामी, निवासी ग्राम अशोक नगर गुढ़ियारी, थाना गुढ़ियारी, जिला रायपुर की अपोलो अस्पताल बिलासपुर में उपचार के दौरान 02 मई 2021 को लगभग सायं 06.05 बजे मृत्यु हो गई है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी बिलासपुर द्वारा जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बिन्दुओं में- बंदी क्या जेल दाखिल होने के पूर्व से किसी बीमारी से पीड़ित था अथवा जेल दाखिल होने के पश्चात उसे बीमारी हुई? बंदी को किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? बंदी को उपचार के दौरान दी गई चिकित्सा पर्याप्त थी अथवा नहीं? चिकित्सा का ब्यौरा दिया जाये? बंदी की मृत्यु के क्या कारण हैं? अन्य मुद्दे जो जांच के दौरान सामयिक पाये जाये। इन बिन्दुओं के बारे में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो वह सुश्री दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी के जिला कार्यालय बिलासपुर स्थित न्यायालय के कक्ष क्रमांक 51 में 02 जुलाई 2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

कलेक्टर ने किया आधुनिक सुविधाओं से लेस स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आज जिला मुख्यालय के दाऊपारा में संचालित आधुनिक सुविधाओं से लेस स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बच्चों के क्लास रूम, ग्रंथालय, स्मार्ट क्लास, एमडीएम हॉल, स्टाफरूम, बायोलॉजी, फिजिक्स, रसायन, गणित एवं कम्प्यूटर लैब आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज से बच्चों की दर्ज संख्या, भर्ती प्रक्रिया, शिक्षक-शिक्षिकाओं की संख्या, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने आधुनिक सुविधाओं से लेस और बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिला मुख्यालय मुंगेली में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल के संचालन पर अपनी बधाई दी। उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने का एक बेहतर अवसर देने की व्यवस्था की है। जिसके फलस्वरूप मुंगेली में भी गरीब से गरीब छात्र भी निजी स्कूलों जैसी सुविधा के साथ अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपने माता-पिता, समाज, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। इससे मुंगेली जिले को एक नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर उन्होने प्राचार्य कक्ष में रखी विजिटर बुक में अपनी टीप लिखते हुए इस वृहद अद्योसंरचना एवं निर्माण के लिए स्कूल शिक्षा तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को बधाई दी। उन्होने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, शिक्षको एवं शाला परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता पी.के.शर्मा, प्राचार्य डॉ. आई पी. यादव और संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु सामानों के क्रय करने के संबंध में जारी निविदा की स्थिति, स्वीकृत निविदा, निविदा के दरे सहित आंगनबाडी केंद्रों और स्कूलो में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति (रनिंग वाटर) की व्यवस्था की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता तथा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव संजीव बृजपुरिया को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद के प्रतिनिधि के रूप में आशीष मिश्रा और जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की सभी सदस्य मौजूद थे।

15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

मुंगेली। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक ने आज यहां बताया की वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हे संरक्षण देने के लिए छ.ग. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 के तहत आज 16 जून से 15 अगस्त तक को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। उन्होने बताया कि नदियों, नालों तथा छोटी नदियाँ और उनकी सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब तथा जलाशय (छोटे-बड़े) जो भी निर्मित किए गये है या किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून 2021 से 15 अगस्त 2021 तक पूर्ण निषिद्ध रहेगा। इन नियमों के उल्लघंन करने पर छ.ग. राज्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्व होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत, जिनका कोई सम्बंध किसी नदी, नाले से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नही होगें।

सरकार का सपना सबको रोजगार मिले हमारा प्रयास : सीएम

■ **मुख्यमंत्री ने प्रतापपुर के बांकी नदी पुल निर्माण एवं ओड़गी व लटोरी में आदिम जाति सहकारी बैंक शाखा खोलने घोषणा की**

मुख्यमंत्री ने 245.31 करोड़ के विकास कार्यो का किया वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 16 जून बुधवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा सूरजपुर जिले में 245.31 करोड़ रूपये के 125 विकासपरक कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही वे विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित हितग्राहियों से भी रुबरु हुए। इस दौरान उन्होने जिले के विधायको के मांग को पूरा करते हुए प्रतापपुर के बांकी नदी के पुल निर्माण, ओड़गी एवं लटोरी में आदिम जाति सहकारी बैंक शाखा खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोरोना संकट ने पूरे प्रदेश के अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। लेकिन पूरे कोरोना काल में छत्तीसगढ़ में न तो रोजगार की कमी हुई न रोटी की। राज्य सरकार की योजनाओं से इस चुनौती पूर्ण समय में भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत और गतिशील रही।

प्रदेश में किसानो एवं दूरस्थ वनांचल में रहने वालो के कल्याण के लिए प्राथमिकता से कार्य किए जा रहे है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना शुरु की गई है। इन योजनाओ के माध्यम से किसानो, महिलाओं और ग्रामीणो को गांव में रोजगार मिल रहा है। उन्होने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि काला हीरा हरा सोना वनोपज पर आधारित है जिससे भी रोजगार उपलब्ध हो रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गांव में किसी ना किसी चीज का उत्पादन होना चाहिए जिससे विकास के साथ लोगो के जीवन में सुख, समृद्धि आए। उन्होने कहा कि छोटे उद्योगों से हजारो महिलाओं को रोजगार मिला है। हमारा प्रयास एवं सपना है कि सबको रोजगार मिले।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चैबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री उमेश नंदकुमार पटेल, नगरीय प्रशासन, विकास मंत्री श्री शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े एवं मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू उपस्थित थे। सूरजपुर जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मरावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाडे, नगरपालिका अध्यक्ष श्री के के अग्रवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, उपाध्यक्ष सुभाष गोयल, मंत्री प्रतिनिधी कुमार सिंह देव, डीडीसी कुलदीप बिहारी, कांग्रेस नेता नरेन्द्र जैन, दुर्गा शंकर दीक्षित, प्रवेश गोयल, संजय डोसी, जाकेश राजवाड़े, दिप्ती स्वाई, छंदा श्री, आनंद कुवंर, कुसुमलता, उषा सिंह, जगलाल सिंह, नरेन्द्र यादव, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा, वनमंडाधिकारी श्री डी एस साहू, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव एवं अन्य अधिकारी कार्यक्रम में जुड़े।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्चुअल सूरजपुर वासियों के लिए आज दिन बहुत ही सौभाग्य का दिन जहां मुख्यमंत्री द्वारा 245.31 करोड़ रूपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जा रहा है।

टोनही के नाम पर प्रताड़ना की शिकायत कानून से न्याय की गुहार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लोरमी थाना क्षेत्र के चिल्फी चैकी अंतर्गत ग्राम घठोली में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र कहे जाने वाले आदिवासी महिला को गांव के कुछ दबंग लोगो ने गांव में रहने वाली सबना बाई को टोनही कह कर प्रताडित करने और गाली गलौच कर मारपीट का मामला सामने आया है, ऐसा क्या कारण था कि महिला द्वारा न्याय पाने और अपने जीवन रक्षा के लिए चिल्फी चैकी में गुहार लगाने के बावजूद भी उक्त महिला को कानून से न्याय मिल सका ।

गौरतलब हो कि छत्तीगढ के ग्रामीण क्षेत्रो में टोनही के नाम पर प्रताडना की शिकायते प्रायः सामने आती रही है, जिसको देखते हुए छत्तीसगढ में इसको गंभीर अपराध मानते हुए इस पर सक्त कार्यवाही करने हेतु टोनही एक्ट बनाया गया है, परिजनो से मिली जानकारी के मुताबिक पीडिता 11 जून को चिल्फी चैकी पहुच गांव के कुछ दबंगो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गई थी, जिसकी रिपोर्ट लिखने के बदले उक्त महिला को वापस भेज दिया गया, मिली जानकारी के अनुसार पीडिता द्वारा 14 जून को लोरमी थाना में भी गुहार लगाने की कोशिश की गई थी, किंतु चिल्फी चैकी का मामला बताते हुए वापस भेज दिया गया, जिसकी जानकारी दबंगो को मिलने पर पीडिता के घर पहुच उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई, जिससे दुखी महिला उक्त कदम उठाने मजबूर हुई।

बाईट पीडिता की परिजन

पीडिता की परिजन ने बताया कि गांव के दबंग परगेश तिवारी भारत ध्रुव दुजेराम सहित कुछ लोग पीडिता को कई सालो से शारीरिक मानसिक रूप से प्रताडित करते आ रहे थे और बार बार टोनही कहते हुए हमारे परिवार को खा रही हो कहते हुए मारपीट करते थे, जिसकी शिकायत करने महिला चिल्फी चैकी गई किंतु वहा उसकी शिकायत लिखने के बजाय वापस भेज दिया गया, वही महिला 14 जून को लोरमी थाने में गुहार लगाने गई पर चिल्फी चैकी का मामला बता वापस कर दिया गया था, जिसकी जानकारी गांव के दबंगो को लगने पर इन लोगो द्वारा महिला के घर जा कर उससे मारपीट की गई और परिजनो के अनुसार उक्त घटना को अंजाम दिया गया, वही दबंगो द्वारा महिला की मदद न करने की धमकी दी जाती रही है, जिससे लगभग 40 वर्षीया विधवा आदिवासी महिला त्रस्त हो चुकी थी ।

उक्त मामले पर जिले के एडिशनल एस पी अनिल सोनी ने बताया कि पीडिता की बेटी द्वारा पीडिता के जलने की सूचना दी गई।

सांई कृष्णा प्रोडक्शन ने तैयार किया सराबोर छत्तीसगढ़ी म्यूजिक एल्बम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को लेकर फिल्म बनाने और यू ट्यूब पर म्यूजिक एल्बम के द्वारा हजारों,लाखो लाइक्स पाने अब उच्च शिक्षित युवा खुलकर न केवल सामने आ रहे बल्कि संगीत की बारीकियों को भी भली भांति समझते हुए छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवेश को सामने लाने उम्दा लेखन, निर्देशन और गायन पर भी काफी गंभीर नजर आ रहे है। साई कृष्णा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी एल्बम सराबोर इसका बड़ा उदाहरण है। इसमें लगे युवा कुरुक्षेत्र समेत और भी कई छत्तीसगढ़ी फिल्म का निर्माण कर रहे है। कुरुक्षेत्र फिल्म का निर्माण छत्तीसगढ़ी संस्कृति और रहन सहन को लेकर बनाई जा रही एक बेहतर फिल्म साबित होगी।

सरकारी जमीन कर दी नीलाम, जनहित याचिका में सुनवाई के बाद राज्य शासन को आंकड़ो समेत चार हफ्ते का समय

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकारी जमीन के नीलामी को लेकर हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में सिंगल बैंच ने सुनवाई की,याचिकाकर्ता और सरकारी अधिवक्ता ने इस मुद्दे को लेकर अपने अपने तर्क दिए तो वही हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर राज्य शासन को पूरे दस्तावेज पेश करने चार हफ्ते का समय दिया है।

शासकीय ज़मीन के नीलामी को लेकर एक जनहित याचिका पर छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के चीफ़जस्टिस प्रशांत मिश्रा की बैंच में सुनवाई हुई, याचिकाकर्ता सुशांत शुक्ला की ओर से अधिवक्ता रोहित मिश्रा में एंव राज्य सरकार की ओर से वी आर तिवारी(अतिरिक्त महाधिवक्ता), चंद्रेश श्रीवास्तव (उप महाधिवक्ता) ने पैरवी की. याचिकाकर्ता सुशांत शुक्ला के अधिवक्ता रोहित मिश्रा नें राज्य सरकार के द्वारा अभी तक पूरे प्रदेश के 30 ज़िलों में शासकीय भूमि की नीलामी के तहत किये गये आंबटन एंव उसके हितकारियों की सूची की माँग करते हुये आपत्ति की,जिसके बाद चीफ जस्टिस द्वारा विषय की गंभीरता को दुष्टिगत रखते हुये राज्य शासन को अब तक पूरे प्रदेश में नीलाम की गई कुल ज़मीनों/कितने आंबटन एंव संबँधित प्रक्रिया की हितग्राहियों की सम्पूर्ण सूची चार हफ्ते में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश शासन को दिया है।

एक सुसंगत आदेश..शुक्ला

याचिकाकर्ता सुशांत शुक्ला ने कहा है कि छत्तीसगढ में सरकार के सरंक्षण में भू माफ़िआओं और सत्ताधारी दल से जुडे ज़मीन के बड़े व्यापारी के नाम उजागर होंगे और न्यायालय के द्वारा जांच उपरांत देश के सबसे बड़े ज़मीन घोटाले का पर्दाफ़ाश होगा।

भाजयुमो ने किया भटगांव विधायक निवास का घेराव, की गई जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजयुमो सूरजपुर जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती के नेतृत्व में जिले के तीनों विधानसभा विधायको का निवास घेराव किया गया। वही प्रदेश सरकार के ढाई साल पूरे होने पर हिसाब मांगने भटगांव विधानसभा अंतर्गत 6 मंडल के सैकड़ों भाजयुमो कार्यकर्ता भटगांव विधानसभा विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के बतरा निवास पर पहुचे। वहाँ कार्यकर्ताओ के द्वारा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यह बता दे कि पुलिस के द्वारा विधायक निवास को बेरिकेटिंग किया गया था, कार्यकर्ताओ ने जब आगे जाना चाहा तो पुलिस ने रोकी, जिससे पुलिस के साथ जमकर झूमा-झपटी हुई। अंतः कार्यकर्ता सड़क पर बैठ नारेबाजी कर वहाँ उपस्थित नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। इस दौरान पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रही और जब कार्यकर्ता विधायक निवास से वापस चले गए तब कहीं जाकर पुलिस बल ने राहत की सांस ली। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार के असफलताओं, विफलताओं और वादाखिलाफियों के कीर्तिमान के साथ ढाई वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, इन ढाई वर्षो में प्रदेश सरकार ने वादाखिलाफी करने और छत्तीसगढ़ के प्रत्येक वर्ग के साथ धोखा करने के अलावा कुछ नहीं किया हैं, बेरोजगारी भत्ता, रोजगार, शराबबंदी, आवास, बाड़ी, पट्टा, बिजली बिल, संपत्ति कर, फूड पार्क, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सुरक्षा, बुजुर्गों को पेंशन जैसे सभी वादों को पूरा करने में प्रदेश सरकार विफल साबित हुई हैं। भाजयुमो प्रदेश सरकार से ढाई साल का हिसाब मांगेगा और जवाब देना होगा। इस मौके पर उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष व भटगांव मंडल प्रभारी अनूप सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य लोकेश पैकरा, भटगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, भाजयुमो महामंत्री सावन गोयल, मंत्री सन्तलाल, सिद्धार्थ सहित सचिन तायल, राजेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र तिवारी, मोहित राजवाड़े, ज्ञान दुबे, दीपेंद्र, विराट प्रताप, नीरज गुर्जर, भाजयुमो भटगांव अध्यक्ष राजू जायसवाल, अमन प्रताप सिंह, पवन, अभिषेक, जीतू मानिकपुरी, शांतनु सिंह, हरिनंदन, अनूप जायसवाल, सुजीत कुमार, हेंमत सिंह, मोनू सिंह, कृष्णा, गोलू, रंजीत, चंदन, दशरथ, अभय जायसवाल, शिव कुमार, मनीष यादव, बृज पैकरा, भोले, ओमप्रकाश, रोहित जायसवाल, संजय देवांगन, प्रिंस जायसवाल, अजय चौधरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा की पात्र-अपात्र सूची जारी

सूरजपुर। स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर में सत्र 2021-22 हेतु कक्षा 1ली से 9वीं एवं कक्षा 11वीं (विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय) में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र, अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। जिस किसी को उक्त सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे 17 जून 2021 समय 5.00 बजे तक कार्यालय प्राचार्य, स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

वैवाहिक कार्यक्रमों में बैण्ड को मिली अनुमति

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सारांश मित्तर द्वारा जिले में वैवाहिक कार्यक्रमों के दौरान धुमाल, ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी के उपयोग हेतु शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की गई है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार धुमाल या ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी बजाने वालों की संख्या 10 लोगों से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। धुमाल या ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी में केवल बैण्ड के बजाने की अनुमति होगी। साउण्ड बॉक्स जिनका पी.एम.पी.ओ. 200 वॉट से अधिक न हो को ही बजाने की अनुमति होगी।

धुमाल या ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी किसी भी सार्वजनिक रोड पर नहीं बजाया जाएगा।

केवल कार्यक्रम के नियत स्थान पर बजाने की अनुमति अधिकतम रात्रि 10 बजे तक के लिए मान्य होगी। जिस क्षेत्र में धुमाल या ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी बजाया जाएगा उसके पूर्व उस क्षेत्र के थाना प्रभारी को सूचना देनी होगी।

धुमाल या ब्रास बैण्ड एवं बैण्ड पार्टी बजाते समय उसमें सम्मिलित होने वाले समस्त व्यक्तियों को भारत सरकार या राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जारी समस्त निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग अम्बिकापुर
//निविदा आमंत्रण सूचना//

क्रमांक 3493/NIT-02/2021-22/व.ले.लि. — अम्बिकापुर, दिनांक 10/06/2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	:	30.06.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	:	07.07.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	:	10.07.2020 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी	:	एकल पंजीयन में पंजीकृत ''द'' वर्ग ठेकेदार
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में)	:	रु.750/-
बैंक सेल्वेंसी (रु. में)	:	150000/-
अमानत राशि (रु. में)	:	7500/-
कार्य की अवधि	:	दिनांक 31.03.2021 वर्षाऋतु सहित

एन.आई.टी. क्र.निविदा क्र.	कार्य का नाम No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
2 T0010	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 अम्बिकापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य	10.00
2 T0011	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 अम्बिकापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य	10.00
2 T0012	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य	10.00
2 T0013	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 अम्बिकापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य	10.00
2 T0014	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 अम्बिकापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य	10.00
2 T0015	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सीतापुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य	10.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं निविदा संबंधित शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-अम्बिकापुर

जी-61311/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1 बिलासपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्र. 3075/NIT/2021-22/SAC — दिनांक 15/06/2021

छत्तीसगढ़ रकाज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	:	22.06.2021 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	:	29.06.2021 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि	:	30.06.2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रु.		A-e

स.क्र.	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत कार्य का नाम (No. of Calls) एवं कार्य की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानती राशि (रु.में)
1	2	3
1.	ग्राम-सिरगिट्टी, विकासखण्ड-बिल्हा के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 170.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	12.50 9375.00
2.	ग्राम-बुंदेला, विकासखण्ड-बिल्हा हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 65.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	5.28 3960.00
3.	ग्राम-पौंसरी, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाईस्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 165.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	10.97 8228.00
4.	ग्राम-गोढ़ी, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 72.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	5.84 4380.00
5.	ग्राम-मुरकुटा, विकासखण्ड-बिल्हा के उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 33.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 01 माह	2.64 2640.00
6.	ग्राम-परसदा, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 72.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	5.84 4380.00
7.	ग्राम-सारधा, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 75.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	6.11 4583.00
8.	ग्राम-अमलडीहा, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 150.85 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 03 माह	14.00 10500.00
9.	ग्राम-बिटकुली, विकासखण्ड-बिल्हा में शासकीय हाई स्कूल भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 120.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	10.00 7500.00
10.	ग्राम-बोडसरा, विकासखण्ड-बिल्हा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 125.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	9.72 7290.00
11.	ग्राम-कड़ार, विकासखण्ड-बिल्हा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 208.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 03 माह	15.00 11250.00
12.	ग्राम-बोडसरा, विकासखण्ड-बिल्हा के आयुर्वेदिक औषधालय भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 83.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 02 माह	6.39 4793.00
13.	ग्राम-पासीद, विकासखण्ड-बिल्हा के उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में सी.सी. पहुपंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 12.50 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 01 माह	2.23 2230.00
14.	ग्राम-देवकिरारी, विकासखण्ड-बिल्हा के उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में सी.सी. पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, लं. 27.00 मीटर (प्रथम आमंत्रण) 01 माह	2.23 2230.00

निविदा समय-सारणी में आवश्यक निर्देश :- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति (2) निवास प्रमाण पत्र (3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, (4) पेन कार्ड (5) आवेदक स्वयं उपस्थित होकर निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करें एवं निविदा फार्म प्राप्त करें (6) अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग क्र.01
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-61325/1

भाजपा के सत्ता से बेदखल होते तक महंगाई के विरोध में आन्दोलन लगातार जारी रहेगा: विकास

तेल और गैस सिलेण्डर की बढ़ती कीमतों को लेकर विधायक विकास उपाध्याय ने सैकड़ों की संख्या में बाईक को घसीटते बीजेपी कार्यालय ले जाते पुलिस ने रोका

डॉ. रमन सिंह कभी तेल की कीमतों में महज वृद्धि को लेकर सायकल में चल विरोध किया करते थे, आज वे जगह-जगह महंगाई की खुशी में ताण्डव नृत्य कर रहे हैं: विकास

रायपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय आज देश में पेट्रोल, तेल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर राजधानी रायपुर में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ जबरदस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता बाईक एवं रसोई गैस की खाली टंकी को घसीटते हुए घड़ी चौक से भाजपा कार्यालय ले जाकर भाजपा के शीर्ष नेताओं के सुपुर्द करने वाले थे, परन्तु लालगंगा के समीप पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। जहाँ केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर कांग्रेस के लोगों ने जनता का ध्यान आकृष्ट करते हुए घण्टों प्रदर्शन किया।

संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय भाजपा नेताओं के कथनी व करनी को जनता के सामने बेनकाब करने आज तेल की बढ़ती कीमतों व रसोई गैस को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। आज जब भाजपा कार्यालय में प्रदेश के शीर्ष सभी भाजपा नेता मौजूद थे, उसी वक्त विकास उपाध्याय ने तय किया कि सैकड़ों की संख्या में बाईक को खींचते हुए, खाली रसोई गैस सिलेण्डर के साथ उन्हें सौंपेंगे और तय समयानुसार विकास उपाध्याय के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस के लोग घड़ी चौक में उपस्थित हो गए थे। जहाँ से महंगाई के विरोध में आन्दोलन की शुरूआत करते हुए विकास उपाध्याय भाजपा की मोदी सरकार के खिलाफ ''मस्त राम मस्ती में आग लगे बस्ती में'' के नारेबाजी के साथ भाजपा कार्यालय की ओर घसीटते बाईक के साथ बढ़ते गए। साथ चल रहे ऑटो-रिक्शा में मोदी की निश्चिन्त होकर सो रहे तस्वीर लोगों को आकर्षित कर रही थी। इस बीच लालगंगा के समीप भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया, जहाँ घण्टों नारेबाजी होते रही। विकास उपाध्याय ने कहा, एक समय वो था जब डॉ. रमन सिंह पूरे मंत्री मण्डल के साथ महज कुछ पैसे पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सायकल चलाते विरोध किया करते थे, परन्तु आज बढ़ोतरी 100 रूपये तक पहुँच गई है और इससे केन्द्र सरकार 26 लाख करोड़ मुनाफा कमा चुकी है। दूसरी तरफ देश की जनता लॉकडाउन से लेकर संक्रमण काल में जूझ रहे आर्थिक तंगी से बेहाल है और उस स्थिति में आ गई है कि बाईक को घसीटने की नौबत पड़ रही है। जिसका जिम्मेदार भाजपा है। उन्होंने कहा, 100 दिन में महंगाई कम करने वाली मोदी सरकार आज जनता को इस हालत में पहुँचा दिया है कि दो रोज की रोटी के लिए सोचना पड़ रहा है। इसके बावजूद भाजपा के लोग जगह-जगह ताण्डव नृत्य करते नजर आ रहे हैं। विकास उपाध्याय ने आज ऐलान किया है कि अब महंगाई के विरोध में आन्दोलन और तेज किया जाएगा और यह तब तक जारी रहेगी, जब तक भाजपा सत्ता से बेदखल नहीं हो जाती। आज के इस प्रदर्शन में प्रमोद दुबे, प्रमोद चैबे, श्रीकुमार मेनन,सूर्यमणी मिश्रा,कन्हैया अग्रवाल,महेश शर्मा, संजय पाठक, महेन्द्र छाबड़ा, सलाम रिजवी, गुरजीत सिंह संधु, सुनीता शर्मा, बबीता नत्थानी, दाऊलाल साहू, प्रकाश जगत,प्रवीण झा, अन्नू साहू, मणीराम साहू, आरती उपाध्याय, शिव श्याम शुक्ला, माधुरी यदु, अशोक ठाकुर, हरपाल भामरा, सौमित मिश्रा,विनोद कश्यप,भावेश शुक्ला, शांतनु झा,अरुणेश मिश्रा, धीरज बैस, योगेश दीक्षित, इम्तीयाज हैदर, तोरण साहू, रवि राव, अनिल बर्गे, सुरेश मिश्रा, कमलाकान्त शुक्ला, प्रकाश माहेश्वरी, रमाकान्त शर्मा, सोहन शर्मा, ईश्वरी नामदेव, पुष्पेन्द्र परिहार, हरिश साहू, प्रगति वाजपेई, हाजरून बानो, मनीषा शर्मा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजधानी के तीनों विधायकों का घेराव

शराब के नशे में धुत्त, रोजगार नहीं देना चाहती है सरकार : भाजयुमो

रायपुर/नवप्रदेश। आज कांग्रेस सरकार के ढाई वर्ष मतलब आधा कार्यकाल खत्म होने पर घोषणा पत्र के वादे पूरा ना होने के विरोध भाजपा के वादाखिलाफी अभियान को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। शहर का प्रत्येक वर्ग जैसे महिला, विद्यार्थी, व्यापारी, युवा,बुजुर्ग सभी इस सरकार की कार्यप्रणाली से दुखी है । पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल अश्वनी नगर, संतोषी नगर, व बुढ़ेश्वर मंदिर के पास जनता से मिलकर राज्य की कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर चर्चा करते हुए कहा कि भूपेश सरकार का आधा कार्यकाल प्रयोगों में बीता और उसमे इनको विफलता ही हासिल हुई । आज यह अपने नरवा, गरवा, घुरवा, बारी पर बात तक नहीं करते हैं । गोबर खरीदी पहली बरसात में ही बह गई। कोई नया निर्माण नही जबकि भाजपा शासनकाल में पूर्ण निर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड चालू नहीं करवा पा रहे। न्यू शांति नगर की करोड़ो की जमीन कौड़ियों के भाव बेचने का प्रयास कर रहे। कुल जमा उपलब्धि के नाम पर सिर्फ शून्य है इनके पास , जिसे जनता को आश्वासन का लड्डू बता खिलाने के प्रयास कर रहे। सोंनडोंगरी में रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा कि, लोग इस सरकार के कार्यों से आक्रोशित है ,जनता कह रही है यह लबरा सरकार है। जो कहती तो है पर करती कुछ नहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि रायपुर शहर के सारे मोहल्ले, गली और प्रत्येक मकान में, भूपेश सरकार का विरोध हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि जनता के गुस्से का लावा शहर की सड़कों में बह रहा हो। शंकर नगर, त्रिमूर्ति नगर, विद्यानगर में आयोजित विरोध कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह किसी राज्य की सबसे कमजोर सरकार है। आज ढाई वर्ष बीतने के बाद भी प्रत्येक कार्य के लिए केंद्र पर सवाल उठाती है । यह साफ दिखता है कि इनके पास अपनी उपलब्धि बताने के लिए कुछ नहीं है। आज रायपुर शहर जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस के विधायक कुलदीप जुनेजा, सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय के निवास का घेराव कर शराब की खाली बोतलें भेंट की।

कुछ ट्रेनें रद्द तो कुछ गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटंगी खुर्द-न्यू कटनी सेक्शन के मध्य चल रहे दोहरीकरण कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रद्द एवं कुछ ट्रेनों को परिवतर्तित मार्ग से चलाया जायेगा। रेल मंडल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कटंगी खुर्द-न्यू कटनी सेक्शन के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु इंटरलाकिंग व नान-इंटरलाकिंग का कार्य 20 से 26 जून तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया है। इनमें क्रमशः 21 से 24 जून तक बिलासपुर स्टेशन से चलने वाली 08234 बिलासपुर-इंदौर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी, वहीं 22 से 25 जून तक इंदौर स्टेशन से चलने वाली 08233 इंदौर-बिलासपुर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। इस प्रकार 23 जून को हबीबगंज स्टेशन से चलने वाली 02157 हबीबगंज-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी तथा 24 जून को सांतरागाछी स्टेशन से चलने वाली 02158 सांतरागाछी- हबीबगंज स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा, जिनमें क्रमशः 20 जून को दुर्ग से रवाना होने वाली 08203 दुर्ग-कानपुर स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-काछपुरा-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी। 21 जून को कानपुर से रवाना होने वाली 08204 कानपुर-दुर्ग स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-काछपुरा-गोंदिया होकर चलेगी।

संयुक्त राष्ट्र समर्थित वेबसाईट पर 'पृथ्वी मंथन' म्यूजिक वीडियो का लिंक साझा किया गया

■ मुख्यमंत्रियों, सांसदों एवं आईएफएस अफसरों सहित प्रतिष्ठित हस्तियां इस प्रासंगिक म्यूजिक़ वीडियो से मुग्ध हुईं

रायपुर/नवप्रदेश।विश्व पर्यावरण के विषय पर अनुभवी गायिका, सुश्मिता दास के साथ ऑरोमीरा एंटरटेनमेंट के वायरल म्यूजिक़ वीडियो, पृथ्वी मंथन को संयुक्त राष्ट्र समर्थित संस्थान आईयूसीएन की वेबसाईट में स्थान मिला है। भारतीय कलाकारों द्वारा तैयार म्यूजिक़ वीडियो के लिंक को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पोर्टल पर पहली बार जगह मिली है। स्वाभाविक रूप से इस म्यूजिक़ वीडियो की वैश्विक लोकप्रियता के चलते भारतीय रचनात्मक समुदाय हो यह गौरव व सम्मान मिला है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ पृथ्वी मंथन ने कई प्रतिष्ठित हस्तियों का दिल भी जीत लिया, जिन्होंने इसमें निहित संदेश के साथ इसे ट्वीट किया और भारतीय दर्शकों को इसे साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह प्रासंगिक एवं रोचक म्यूजिक़ वीडियो बनाने के लिए उन्होंने अनुभवी गायिका व पुरस्कार-विजेता रचनात्मक टीम की सराहना की। प्रतिष्ठित हस्तियों जैसे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, जयराम ठाकुर; सांसद, अमर पटनायक ने खूबसुरत प्रस्तुति के लिए इस वीडियो की प्रशंसा की। अपने ट्विटर हैंडल पर म्यूजिक़ वीडियो का लिंक साझा करते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, जयराम ठाकुर ने अपने संदेश में कहा, ''समग्र विकास संभव बनाने के लिए हमें पर्यावरण के नियमों का पालन करना होगा। पृथ्वी की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण की चुनौतियों को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से काम करना होगा। इस मामले में पृथ्वी मंथन की टीम ने सराहनीय संदेश दिया है। डॉक्टर अब्दुल कयूम, आईएफएस ने अपनी ट्वीट में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुश्मिता मीतू दास द्वारा पृथ्वी मंथन का रोचक सार, सुरीली आवाज एवं ऊर्जा से परिपूर्ण है। यह प्राकृतिक संसाधनों के अति-दोहन के सादृश्य है और इसका हलाहल ग्रीन हाउस गैसें, प्रदूषण आदि हैं। तेलंगाना सरकार के विभाग, 'तेलंगानाकु हरित हरम' ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा, ''विश्व पर्यावरण दिवस 2021 के अवसर पर सुश्मिता मीतू दास के म्यूजिक़ वीडियो 'पृथ्वी मंथन - दूसरा मंथन' में जलवायु परिवर्तन, हमारी असतत जीवनशैली के दुष्प्रभावों पर रोशनी डाली गई है।

सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी, अज्ञात खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सूने मकान का ताला तोड़कर सोने,चांदी के जेवरात चोरी कर लेने की रिपोर्ट खम्हाडीह थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह हाउसिंगबोर्ड ब्लॉक नंबर 1 मकान नंबर 13 (किराये का मकान)निवासी निलांचल गौड़ 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी डिज्नी इण्डिया लिमिटेड में क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्यरत है। 16 जून को लगभग 2.15 बजे आफिस के काम से रायपुर शहर गया था तथा पत्नी घर में ताला लगाकर कर छठवे माले पर बच्चों को लेकर पड़ोसी के यहां बैठने गई थी। जब वह वापस आई तब घर का ताला टुटा हुआ मिला। कमरे के अंदर जाकर चेक करने पर आलमारी खुला मिला व उसमें रखा जेवरात का बैंग नही था। किसी अज्ञात चोर ने सोने की हार 10 ग्राम, तीन सोने का मंगल सूत्र करीब 20 ग्राम, दो सोने की चैन 7-7 ग्राम, एक जोडी कान का सोने का झुमका करीब 10 ग्राम, एक जोडी सोने की बाली, एक जोडी सोने की टाप्स, सोने की अंगूठी दो नग, सोने का ईयर रिंग, बच्चो की सोने की बाली एक जोडी, बच्चो का चांदी का चूडी, चार जोडी चांदी का पायल, एक मोबाईल एम/आई रेडमी नोट-4 जिसमे एयरटेल कम्पनी का सिम नं0- 82369-19873 लगा है, जुमला 87600/- रूपये को ज्वेलरी कैरीबैग सहित घर के दरवाजे का ताला कुण्डी को तोड़कर घर अंदर प्रवेश कर बेडरूम मे रखे आलमारी एवं लाकर खोलकर लाकर मे रखे ज्वेलरी बैग को चोरी कर ले गया।

80 हजार का मोबाईल चोरी, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर। रिलायंस डिजिटल स्टोर से एप्पल कंपनी की आईफोन कीमती मोबाईल चोरी हो जाने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार हिमालयन हाईट फेस-2देवपुरी निवासी विजय शर्मा 36 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी मेग्नेटोमॉल रिलायंस डिजिटल स्टोर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 29 मई डिजिटल स्टोर में मोबाईल की काउंटिंग करने पर एक नग एप्पल कंपनी आईफोन मोबाईल कीमत 79,900 रुपये कम पाया गया। जिसके बाद स्टोर में काम करने वाले स्टाफ व सीसी कैमरा चेक करने पर पता चला कि स्टोर में काम करने वाला ऋषि शर्मा ने फायनेंस वाले से एक एप्पल कंपनी का आईफोन लिया था।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने पर्वतारोही सुश्री नैना धाकड़ का हौसला बढ़ाया

■ वीडियो कॉन्फ्रेंस से की चर्चा, परिजनों को भी दी बधाई और शुभकामना

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज बस्तर की पर्वतारोही सुश्री नैना धाकड़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा की। उन्होंने सुश्री धाकड़ को माउंट एवरेस्ट फ़तह करने की बधाई दी और हौसला अफ़ज़ाई की। श्री सिंहदेव ने उनके परिजनों से भी बात कर बेटी की इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस कठिन लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुश्री धाकड़ की मेहनत, लगन और समर्पण की तारीफकी। श्री सिंहदेव ने कहा कि अथक परिश्रम और साहस से हासिल नैना की यह उपलब्धि राज्य और देश को गौरवान्वित करने के साथ ही इंसानी जज्बे की भी मिसाल है। स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के अपने अनुभव साझा करते हुए सुश्री नैना धाकड़ ने बताया कि करीब 450 पर्वतारोहियों के साथ चढ़ाई के दौरान उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।

अपनो की राह देख रही अस्थियों के विसर्जन की अनुमति प्रदान करे प्रशासन : विनोद

■ मृतको के परिजन महीनो बाद भी अस्थि लेने नहीं पहुँचे शमशान

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना बीमारी से मृत लोगों के अंतिम संस्कार के उपरांत एकत्र अस्थियां,जिन्हें उनके परिवार के सदस्य अब तक लेने नहीं आये है उसका धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार विसर्जन की अनुमति हेतु रायपुर कलेक्टर को पत्र सौंपा। विनोद तिवारी ने आज रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार से मिल चर्चा कर पत्र सौंपा पत्र में कहा गया है की विगत कुछ महीनों में कोरोना महामारी से सैकड़ों की जान गई। बेहद कठिन समय और विपरीत हालात में प्रशासन ने मृतकों का अंतिम संस्कार किया।अपनी जान जोखिम में डालकर प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने मृतकों को आखिरी विदाई दी।

कुछ अज्ञात व्यक्तियों का भी इस दौरान अंतिम संस्कार किया गया। प्रशासन ने अपना कर्तव्य का निर्वाह करते हुए करीब सैकड़ों अज्ञात मृतकों की अस्थियां भी एकत्रित कर सुरक्षित रखी हैं। हिंदू परंपरा के मुताबिक तीसरे दिन ही अस्थियां चुनकर किसी पवित्र नदीं में विसर्जित किया जाता है। लंबे समय बाद अब यह उम्मीद नहीं है कि मृतकों के परिजन अब अस्थियों को लेने आएंगे।ऐसे में हमारा सामाजिक दायित्व है कि मृतकों की अस्थियों को हिंदू परंपराओं और पूर्ण विधि विधान से आखिरी विदाई दें। इसलिये कलेक्टर रायपुर विसर्जन हेतु हमें अनुमति प्रदान करें, ताकि एक सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए कोरोना महामारी में अपनी जान गंवाने वालों को आखिरी वक्त में सम्मान और मुक्ति प्रदान कर सकें।

रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने चर्चा के दौरान कहा की क़ानूनी प्रक्रिया पूरी कर अनुमति दी जा सकती है एसडीएम को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया 7 दिवस की नोटिस जारी के बाद अनुमति प्रदान करने की बात कही हैं।

■ न्यूज गैलरी

विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने लगवायी कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कोरोना टीके को-वैक्सीन की दूसरी डोज लगवायी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत ने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि- कोरोना वायरस का प्रभाव देश एवं प्रदेश में अभी कम जरूर हुआ है लेकिन यह महामारी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, इसलिए प्रदेशवासियों को कोरोना से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से टीका लगवाना चाहिए एवं अपने आस पास के लोगो को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित तथा जागरुक करना चाहिए।उन्होने कहा कि-टीका लगवाने के साथ-साथ सतर्कता एवं सावधानी अत्यंत आवश्यक है। मास्क लगाना ,सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना, भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाने से बचना , बार-बार अपने हाथों को साबुन से धोना तथा शासन द्वारा निर्धारित कोविड-प्रोटोकॉल का पालन करके ही हम कोरोना पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस 18 जून पर उनकी वीरता, साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा को नमन किया है। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की शौर्यगाथा को याद करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मी बाई ने मातृभूमि के सम्मान को सबसे ऊपर रखा और उसकी रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। श्री बघेल ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

एक माह की खाद्य सामग्रियों का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। केनरा बैंक मानवीय मूल्यों एवं समाज की ओर अपने दायित्व पर हमेशा ज़ोर देता हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, नवा रायपुर द्वारा संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दिनांक 15.06.2021 को गाँव अमिलिडीह, महात्मा गाँधी वार्ड, रायपुर के निवासियों के लिए एक माह की खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री मुरारी प्रसाद, उप महा प्रबंधक, केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर एवं श्री के बानूमूर्ति, सहायक महा प्रबंधक रायपुर उपस्थित रहे। महामारी के इस दौर पर दी गयी सहायता के लिए वहाँ के स्थानीय निवासियों ने बैंक अधिकारियों को अपना आभार व्यक्त किया।

जायजा | गृह मंत्री ने बाढ़ आपदा प्रबंधन में नगर सेना की तैयारियों की समीक्षा की

बाढ़ संभावित जिलों में बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने रायपुर सिविल लाईन स्थित निवास कार्यालय में नगर सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन में उनके द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ संभावित जिलों में बचाव एवं राहत के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मंत्री श्री साहू ने कहा कि पिछले अनुभवों के आधार पर व्यवस्था में आवश्यक सुधार करें। कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए जरूरी बाते रखें। उन्होंने जिला सेनानियों को जलाशयों के भरने तथा ओवर फ्लो की स्थिति में पानी छोड़ने के पूर्व जानकारी के लिए कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से सतत सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए। मंत्री श्री साहू ने आवश्यकतानुसार बोट खरीदी के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने रेस्क्यू के दौरान बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने तथा आपदा के दौरान जान-माल की सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर सेना के जवानों को पुरस्कृत करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक नगर सेना श्री अरूण देव गौतम ने जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए नगर सेना की भूमिका और रेस्क्यू अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ बचाव के लिए इस समय 94 मोटरबोट उपलब्ध है। इनमें 46 रबर मोटर-फायबर बोट ओबीएम सहित, 31 फाईवर बोट और 17 एल्युमीनियम मोटरबोट ओबीएम सहित शामिल है। उन्होंने बताया कि बाढ़ में घिरे व्यक्तियों को बचाने के लिए पिछले एक वर्ष में 142 नगर सैनिकों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके साथ ही बिलासपुर जिले के खूंटाघाट बांध, कोरिया जिले के गौरघाट में राज्यभर के राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ईकाइयों के जवानों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अण्डर वाटर सर्च एण्ड रेस्क्यू ऑपरेशन का मॉकड्रील आयोजित कराया गया। इसी तरह सीटीआई रायपुर में भी एसडीआरएफ एवं नगर सेना के जवानों को रोप रेस्क्यू का डेमों दिया गया।

संचालक नगर सेना श्री मयंक श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि प्रदेश के बाढ़ संभावित जिलों बस्तर, कोंटा, बीजापुर के भेरमगढ़, भोपालपट्टनम, राजनांदगांव, दुर्ग, बेमेतरा, बलौदाबाजार, जांजगीर, रायगढ़ में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। राज्य स्तर पर नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा का बाढ़ बचाव कन्ट्रोल रूम, मुख्यालय नवा रायपुर में स्थापित किया गया है। प्रत्येक जिले में बाढ़ दल तैनात किया गया है जो 24 घंटे जिले में उपलब्ध रहेगा।

संपादकीय

वैक्सीन पर विवाद अनुचित

भारत में कोरोना की वैक्सीन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वैक्सीन को लेकर सुनियोजित तरीके से अफवाहे उड़ाई जा रही है और भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है जिसके चलते टीकाकरण अभियान को असफल बनाने की कोशिश हो रही है। अब यह अफवाह उड़ाई गई है कि भारत में बनी कोवैक्सीन में गाय के बछड़े का खून मिलाया जा रहा है। नतीजतन कोवैक्सीन को लेकर लोगों में भ्रम पैदा हो गया है। ऐसी अफवाहों के कारण ही बहुत से लोग कोरोना की वैक्सीन लगाने से कतरा रहे है जिसकी वजह से टीकाकरण के काम में बाधा खड़ी हो रही है। गौरतलब है कि वैक्सीन को लेकर उसी समय से सवालिया निशान खड़े किए जाने लगे थे जब इनका परीक्षण हो रहा था, उस समय लगभग सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने वैक्सीन की गुणवत्ता को लेकर संदेह जाहिर किया था और इनमें से कुछ नेताओं ने तो वैक्सीन को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयानबाजी भी की थी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो इसे भाजपा की वैक्सीन बताकर खुद यह वैक्सीन लगाने से ही इंकार कर दिया था और अपने समर्थकों से भी वैक्सीन न लगाने को कहा था। टीकाकरण अभियान वैसे भी भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में एक बड़ी चुनौती है और ऐसे में यदि वैक्सीन को लेकर नित नए विवाद खड़े किए जाएंगे तो निश्चित रूप से टीकाकरण अभियान की राह में बाधा आएगी। तमाम अवरोधों के बीच अब तक लगभग 24 करोड़ लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग चुकी है लेकिन अभी भी 100 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाना बाकी है। जाहिर है अभी इस मामले में लंबा सफर तय करना है और इस स्थिति में वैक्सीन को लेकर अफवाहे परवान चढ़ती रही तो लक्ष्य और दूर हो जाएगा। इस बीच यदि कोरोना की तीसरी लहर आ गई तो स्थिति किस कदर जटिल हो जाएगी इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। बेहतर होगा कि राष्ट्रहित में कोरोना वैक्सीन को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा करने से लोग बचे और सभी को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करें। हमे यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना से वैक्सीन ही हमे बचा सकती है।

विचार

निगरानी का बढ़ाना होगा दायरा

हमारी सदाशयता का इस्तेमाल किस कदर हमारे खिलाफ किया जा सकता है, 'कोविड ऐड स्कैम- 2021' इसका ज्वलंत उदाहरण है। इस घोटाले का खुलासा करने वाली संस्था 'डिसइंफो लैब' की मानें, तो कोरोना महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहे भारत को मदद पहुंचाने के नाम पर पाकिस्तान से जुड़े कुछ 'सेवार्थ' संगठनों ने बतौर चंदा 150 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा की और उसका बहुत मामूली हिस्सा ही भारत भेजा। चूंकि इन संगठनों के रिश्ते दहशतगर्दों और उनकी तंजीमों से भी हैं, इसलिए माना जा रहा है कि उन्होंने भारत के नाम पर 'टेरर-फंडिंग' की है। मदद के नाम पर धोखाधड़ी का यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ मदद की बाट जोहने वालों के साथ क्रूर मजाक हैं, बल्कि उन लोगों के साथ भी छल है, जो मुश्किल वक्त में अपनी उदारता दिखाते हैं। इस घटना के कई पहलू हैं। जब पाकिस्तानी संस्थाओं की तरफ से भारत की मदद का आह्वान किया गया, तब पश्चिमी देशों में आम समझ यही बनी कि दोनों देशों की हुकूमतें बेशक एक-दूसरे के खिलाफ मुखर हों, लेकिन आम जनता का लहू एक ही है। 'इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (इमाना) ने इसी का फायदा उठाया। लोगों ने भी दिल खोलकर मदद की, क्योंकि आपदा के वक्त कोई यह नहीं देखता कि मदद मांगने वाले के तार कहां से जुड़े हैं या उसके पीछे कौन सी ताकत किस मंशा से काम कर रही है? भारत के भीतर ही पिछले दिनों ऐसे कई संगठन सक्रिय रहे, जो कहीं न कहीं खालिस्तानियों से जुड़े हैं। उन्होंने भी चंदा जमा किए और जरूरतमंदों की मदद की। बेशक ऐसा लग रहा है कि भारत में मदद पहुंचाने के नाम पर एक बड़ा घपला किया गया है, लेकिन अमेरिकी कानून अन्य देशों की तुलना में काफी सख्त है। वहां ऐसे किसी संगठन से रिश्ते रखना कानूनन अपराध है, जिसे अमेरिकी हुकूमत ने प्रतिबंधित कर रखा है। हमास, लश्कर-ए-तैयबा व हिज्बुल मुजाहिदीन ऐसे ही संगठन हैं, जिनसे इमाना के जुड़े होने के दावे किए जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर भारत इस रिपोर्ट की गहराई से पड़ताल करे, और यह जानने की कोशिश करे कि इन कथित सेवार्थ संगठनों का असली मकसद क्या था और यह भी सुनिश्चित करे कि दोषियों को हर-मुमकिन सजा मिले। इसके साथ ही जरूरी यह भी है कि इनकी मदद करने वाली भारतीय तंजीमों की भी पहचान की जाए और उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई हो। बहरहाल, इस तरह की हरकतों का प्रमुख हथियार सोशल मीडिया है। यह घटनाक्रम बताता है कि जब लोगों की जान सांसत में हो, तब भी असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बाज नहीं आते। इसका यह कतई मतलब नहीं है कि सोशल मीडिया के मंच मानवता के खिलाफ हैं। कोविड-काल में ही हमने देखा है कि किस तरह इसके माध्यमों से जरूरतमंदों ने अपनी मुश्किलों का हल पाया। सोशल मीडिया का इस्तेमाल आतंकियों से संपर्क बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि दुष्प्रचार करने में भी खूब किया जा रहा है। पिछले दिनों फेसबुक ने 40 के करीब उन पेजों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जो कहीं न कहीं पाकिस्तानी फौज से जुड़े थे और उन पर ऐसी फर्जी सूचनाएं थीं, जो भारत में उपद्रव फैला सकती थीं। साफ है, पाकिस्तान की तरफ से भारत के खिलाफ मुहिम जारी है और कोरोना जैसी आपदा के समय भी वह सोशल मीडिया द्वारा हमें नुकसान पहुंचाने की जुगत में है।

योगी के नेतृत्व में यूपी चुनाव लड़ेगी भाजपा

प्रेम शर्मा

> पार्टी मौजूदा नेतृत्व के साथ ही चुनाव मैदान में जाएगी। जहॉ तक मुख्यमंत्री योगी की बॉत करे तो वे उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से उभरकर देश की सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था के रूप में उभारने,उत्तर प्रदेश की आबादी सर्वाधिक थी, लेकिन जब अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर निवेश अनुकूल वातावरण बनाने जैसे मुद्दों के लेकर जन्ता के बीच जाएगे। पिछली उपलब्धि में उत्तर प्रदेश के प्रति व्यक्ति आय की बात आती थी, तो इसमें हम लोग प्रथम तीन स्थानों में कहीं नहीं टिकते थे।निवेश अनुकूल वातावरण बनाने में पूरी तरह सफल रहा। ईज ऑफडूइंग बिजनेस यानि व्यवसाय की सुगमता में देश में 2015-16 में जो रैंकिंग हमारी 14वें स्थान पर थी, आज वह दूसरे स्थान पर है। देश की 2015-16 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था जो पांचवीं-छठी स्थान पर थी, वह देश में दूसरे अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। चार वर्ष के कार्यकाल में रोजगार की व्यापक संभावनाओं को आगे बढ़ाया, प्रदेश में हर सेक्टर के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, लोक कल्याण, एमएसएमई या कृषि क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं।

पिछले एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के राजनैतिक गलियारें में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर तरह तरह की चर्चाए और अफवाहें चल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधामोहन सिंह के दौरे बैठके बाद उनकी वापसी के बाद जो दिल्ली से अपुष्ट लेकिन मजबूत संकेत मिले है वह इस बॉत की तरफ पुख्ता इशारा कर रहे है कि चंद नौकरशाहों तथा कुछ ऐसे नौकरशाह जिनकी आस्था दूसरे दलों के प्रति अप्रत्यक्ष रूप से देखी जाती रही है उनके कारण जरूर योगी सरकार के कुछ कामकाज प्रभावित हुए है वरना योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के साथ कोरोना संक्रमण के दौरान बेहतर प्रदर्शन, दंगा विहीन, भ्रष्टाचार विहीन कार्यकाल उनकी योग्यता का प्रमाण है। हॉ ऐसी स्थिति में अगर सरकार के स्तर पर फेरबदल किया गया तो निश्चित तौर पर कुछ मंत्रियों के ताकत घटेगी तो कुछ का मौका जरूर मिल सकता है। नौकरशाह से एमएलसी बनाए गए अरविन्द शर्मा को भी अहम जिम्मेदारी मिलेगी। इसके अलावा नौकरशाहों जो बदलाव शुरू हुआ है उसका सिलसिला आगामी चुनाव तक जारी रहेगा। हालॉकि अगले महीने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के भी राज्य के दौरे पर जाने की संभावना है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव में नेतृत्व की तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाएगी। भाजपा नेतृत्व ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक तैयारी शुरू कर दी है।आने वाले विधानसभा चुनाव 2022 में यूपी की जनता को फिर ठगने का ताना-बाना बुनकर कर तैयार कर लिया गया है।उत्तर प्रदेश में हिंदू मुस्लिम अहम मुद्दा हिंदुत्व होगा। दवाई, पढ़ाई, सिंचाई, बेरोजगारी, विकास और कानून व्यवस्था को पूरी तरह दरकिनार कर दिया जाएगा। भोली-भाली जनता के सामने हिंदू मुस्लिम का कार्ड खेला जाएगा।

निश्चित तौर पर सर्वाधिक जनसंख्या और अधिकाधिक विधानसभा वाले क्षेत्र में सपा और बसपा के साथ कांग्रेस के साथ भाजपा के स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के भी मुद्दों की चर्चा की जाएगी। विपक्षी दल इन मुद्दो पर भाजपा को घेरेगा कि भारी संख्या में जवान शहीद हुए हैं। वह चाहे पुलवामा हमला हो या फिर गलवन घाटी के साथ ही नक्सलियों द्वारा भारी संख्या में जवान शहीद हुए हैं। यदि समय रहते सरकार गहनता से विचार करती तो शायद हमारे देश के इतनी बड़ी संख्या में जवान शहीद नहीं हुए होते। गोरखपुर में बच्चे इतनी बड़ी तादाद में असमय काल के गाल में न समाते। कोरोना महामारी में बंगाल के साथ ही पांच राज्यों के चुनाव और उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टाल दिए गए होते और समय रहते कारगर कदम उठाए गए होते और कोरोना संक्रमित को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, बेड और जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई जाती तो शायद गंगा में इतनी बड़ी संख्या में हिंदुओं की लाशे न उतराती। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने के लिए लकड़ी के अभाव में लाश को दफनाना या फिर बहते पानी में न फेंकना पड़ता। कोरोना कॉल में प्रवासी मजदूरों को घर तक पहुंचाने के लिए यदि साधन उपलब्ध किए गए होते तो शायद बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों को परेशानी न उठानी पड़ती और कुछ प्रवासी मजदूरों की जान भी न जाती। इसके अलावा अध्ययनरत पात्र छात्र शुल्क प्रतिपूर्ति और स्कॉलरशिप से वंचित न रह गए होते। गरीब कन्याओं के विवाह के लिए शादी अनुदान से भी काफी संख्या में पात्र छूट गए हैं। इन सबके साथ ही डीजल पेट्रोल और रसोई गैस के आए दिन बढ़ते दामों से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उधर नए तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान विगत लगभग 7 माह से दिल्ली बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं। इस बीच लगभग 700 निर्दोष किसान सरकार की हठधर्मिता के कारण शहीद हो गए हैं। इन शहीद किसानों में बड़ी संख्या में हिंदू सिख ईसाई और मुस्लिम भी शामिल हैं। लेकिन इस तरह के आरोप विपक्ष लगातार लगा भी रहा है लेकिन विपक्ष इन कमियों को जनता को समझाने में कामयाब हो पाएगा या फिर पिछले चुनाव की तरह अपने काम की बात ही कहते रह जाएंगे। हालॉकि सत्ता पक्ष में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर फिलहाल तमाम अटकलों पर विराम लग गया है। चुनाव नजदीक है ऐसे में संगठन और सरकार में नेतृत्व परिवर्तन का कोई जोखिम नहीं उठाया जा सकता। मंत्रिपरिषद में बदलाव की जरूरत है इसमें जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से नए चेहरों को जिम्मेदारी देने का सुझाव के साथ ही विधानसभा चुनाव तक स्थिति दुरुस्त करने के लिए कई अहम सुझाव भी दिए गए। इसके बावजूद माना यहां तक जा रहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह अगले माह से उत्तर प्रदेश में चुनावी कमान संभालेंगे। यह चुनाव तक नियमित रूप से राज्य में प्रवास करेंगे। 2022 के करीब आने के साथ ही अब आयोगों, निगमों के खाली पद इसी महीने भरने शुरू हो जाएंगे। सरकार व संगठन में विधानसभा चुनाव तक हर महीने लगातार समन्वय बैठकें होंगी। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों को अब बहुत ज्यादा समय नहीं है। देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण तैयारियों के लिए पार्टी को ज्यादा समय भी चाहिए। कोरोना के चलते फिलहाल कोई दल चुनावी तैयारियां पूरी गति से नहीं की जा सकती हैं। इस समय सरकार और पार्टी की प्राथमिकता कोरोना संक्रमण पर अंकुश लगाना और लोगों को राहत देना है। इसके साथ-साथ चुनावी तैयारियों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। यही वजह है कि भाजपा नेतृत्व में पिछले आठ-दस दिनों के अंदर राज्य की इस स्थिति को लेकर व्यापक विचार-विमर्श भी किया है। अंदरूनी स्तर पर कई बैठकें भी की गई है।राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष ने लखनऊ का दौर कर राज्य सरकार के मंत्रियों, संगठन के प्रमुख नेताओं से व्यापक फीडबैक लेने के बाद स्पष्ट तो नही लेकिन उनकी चुप्पी यह इशारा जरूर कर गई कि आगामी चुनाव का नेतृत्व भी आदित्य नाथ योगी कर सकते है संगठन में फेरबदल को नकारा नही जा सकता।

अब बेहतर बौद्धिक समझ बने

सिद्धार्थ मल्लवरापु

> एक सतर्क नागरिक को इन सबके प्रति सचेत रहना चाहिए। और आखिरी बात, व्यापक लोगों के लिए प्रभावी संवाद करने में विश्वविद्यालयों को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ता है। इसके लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिस्पर्द्धात्मक विकास को साझा करने की दरकार है। नए-नए शोध से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि मिल सकती है। हालांकि, इसे सबके लिए समान रूप से प्रभावकारी और सुगम बनाया जाना चाहिए। जाहिर है, इसके लिए आधिकारिक तौर पर संवाद करने की आवश्यकता है, जिसमें निष्पक्षता अनिवार्य है। हालांकि, संचार एकतरफा रास्ता नहीं है। हमें दूसरे सिरे पर ऐसे लोगों की जरूरत होगी, जो अपने पास मौजूद ज्ञान का लाभ उठा सकें। कई अन्य महत्वपूर्ण कारक भी यहां काम करते हैं।

विश्वविद्यालय अमूमन ऐसे क्षेत्र माने जाते हैं, जो कम से कम राजनीतिक और सामाजिक बुराइयों की रोजमर्रा की कालिख से दूर हैं, जबकि वे अक्सर इन बुराइयों के चरित्र और प्रकृति का गंभीर अध्ययन करते हैं। यह दूरी उन्हें एक खास सुविधा भी देती है। वे गुबार के शांत होने और यह बताने के लिए कुछ इंतजार कर सकते हैं कि इतिहास के एक खास वक्त में उस दौर का क्या मतलब था? घरेलू और वैश्विक स्तर पर अभी जो हालात हैं, ये दरअसल वही निर्णायक क्षण हैं।

यकीनन, इस त्रासद अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य आपदा पर काफी कुछ लिखा जाएगा। उनमें से कुछ निर्विवाद रूप से इस वैश्विक महामारी के इतिहास के रूप में प्रतिष्ठित भी होंगे। मगर बतौर शैक्षणिक संस्थान हमारी भूमिका और उद्देश्य क्या होने चाहिए, इसके बारे में विमर्श की दरकार है। मैं यहां कुछ प्रस्तावों की चर्चा कर रहा हूं, जो चीजों को व्यापक नजरिये से देखने की बेहतर बौद्धिक समझ विकसित करने को प्रेरित करते हैं। पहला, हमें यह समझना होगा कि किस प्रकार का ज्ञान मूल्यवान है? बेशक यह बहुत हल्का सवाल माना जाएगा, लेकिन बतौर विचारशील समाज हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। अभी तो हमारी पहली प्राथमिकता देश-दुनिया को हलकान करने वाले कोरोना वायरस का एक विश्वसनीय इलाज ढूंढ़ना है। इसमें वैज्ञानिक ज्ञान हमारी खासा मदद कर सकता है। सार्वजनिक विचार-विमर्श में इसकी शुचिता फिर से कायम की जानी चाहिए। भले ही, व्यावहारिक ज्ञान की अपनी एक खास प्रतिष्ठा होती है, लेकिन हमें मौलिक अनुसंधानों में निवेश का महत्व कतई नहीं भूलना चाहिए। रोम एक दिन में नहीं बना था। वैज्ञानिक उद्यम की इमारत तैयार होनी चाहिए और बेरोकटोक शोध एवं अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी संसाधनों का निर्माण व पोषण किया जाना चाहिए। हमें यह भी याद रखना होगा कि महामारी का सार्वजनिक स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक असर के साथ इस प्रभाव का विस्तार हमारी राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर और बाहर होता है। इन पहलुओं को प्रभावी ढंग से समझने के लिए हमें ज्ञान के विविध रूपों को समझने की जरूरत है। मानविकी और सामाजिक विज्ञान का व्यापक प्रसार यहां विशेष रूप से प्रासंगिक है। खास परिवेश और स्थानीय भाषाओं में लिखी गई मानवीय कहानियों (जो हमें अच्छे साहित्य से मिल जाती हैं) का कोई विकल्प नहीं है। सेवादारों और सेवा लेने वालों के बीच प्रकट होने वाली जटिलता को चिकित्सा मानवविज्ञानी मानवविज्ञान के रूप में जाहिर करते हैं। अर्थशास्त्री इंसान द्वारा अदा की जाने वाली उस कीमत को तौलते हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य में पूर्व में पर्याप्त निवेश न किए जाने के कारण इंसान को चुकानी पड़ती है। शासन की विफलताएं कई राजनीतिक गड़बड़ियों की जड़ हैं। यदि हम यह याद रखते हैं कि महामारी एकबारगी नहीं आती, तो हमारे इतिहासकारों को दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखने को कहा जा सकता है। लोगों का मानसिक स्वास्थ्य मनोवैज्ञानिकों के लिए तत्काल चिंता का विषय है। लिहाजा, इन क्षेत्रों में ऊंचे दर्जे की समझ विकसित करने के मूल्य को पहचानना आवश्यक है। जो समाज इन समझदार विकल्पों को तैयार करता है, उसके अल्पावधि व दीर्घावधि, दोनों में बेहतर होने की संभावना है। मैं यह कतई नहीं मान सकता कि भारत इस मामले में कोई अपवाद है।दूसरा, नागरिक भावना और नागरिकता के उन मॉडलों पर ध्यान देने की जरूरत है, जिनको हम बढ़ावा देना चाहते हैं। भारत की बात करें, तो यहां जब बुनियादी मानदंडों और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल को लागू करने की वकालत की जाती है, तब आमतौर पर नागरिक भावना या अनुशासन की कमी का विलाप होने लगता है। बेशक विश्वविद्यालय में आने से पहले के तमाम आयाम (परिवार, स्कूल और कॉलेज) अपनी जिम्मेदारी का ठीक-ठाक निर्वहन करते हैं, मगर विश्वविद्यालय मानवोचित नागरिकता विकसित करने के लिए एक अलग मंच मुहैया करा सकते हैं। सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता इस कार्य के अभिन्न अंग हैं। यहां यह कतई न समझा जाए कि मैं विश्वविद्यालयों के राजनीतिकरण की दलील दे रहा हूं। बल्कि यह नागरिकों में सहानुभूति का निर्माण करने और उनको सीखने व विस्तारित समुदायों में कमजोर लोगों को शामिल करने के लिए समग्रता व संवेदनशीलता के साथ काम करने की दलील है। तीसरा, अकादमिक स्पष्टता अपरिहार्य है। हमारा अनुभव भी कहता है कि यह जीवन और मृत्यु का मामला भी हो सकता है। मौजूदा संदर्भ में ही देखें, तो जब वायरस की उत्पत्ति के संबंध में एक स्पष्ट राय बनाने, या सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध आंकड़ों का यर्थाथवादी मूल्यांकन करने, या वायरस के तमाम म्यूटेशन (चरित्र बदलने) पर चर्चा करने की बात आती है, तब हमें अवश्य सच और झूठ की पहचान करना सीख लेना चाहिए। इसका मतलब यह भी है कि सिर्फ सच को जान लेना काफी नहीं है, बल्कि उसकी विश्वसनीयता को जांचने के आवश्यक रास्तों से भी हमें अवगत होना चाहिए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रुला लो सता

रुला लो, सता लो,भले आजमा लो। जरा सा मगर तुम गले भी लगा लो।। लड़ो हमसे जी भर, शिकायत करो पर। गिरूँ जो कभी तो नज़र से उठा लो।। उगा चाँद देखूँ नदी के किनारे। यहाँ एक छोटा मकाँ तो बना लो।। कलेजे का टुकड़ा तुम्हें सौंप डाला। न मेरे पिता की यूँ पगड़ी उछालो।। नहीं देवता माँ बाप सा कोई आशा इन्हें पूज लो तुम यहाँ सर झुका लो।।

- आशा पाण्डेय ओझा

मधुमास उमड़ता है

मधुमास उमड़ता है दिल में, जब याद तुम्हारी आती है । जैसे आकाश बरसता है , हरयावल सी छा जाती है । आंखों से आंसू झरते हैं , जब यह मन बिरहा है गाता। मधुरिम सुधियों के आंचल में , सोई कलियां मुस्काती हैं। जब याद।

- चन्द्रकान्ता अग्नीहोत्री

खास पाती | जीवन एक सदन सराय आना

जीवन एक सदन सराय आना जाना रहे मुसाफिर। कभी उलझे कभी भाए। चंद दिनों का लगता डेरा। जीवन एक सदन सराय । कभी फसादों लघु बहसों में, क्षण- क्षण रिसते जीवन पल। कभी अचानक उठे बवंडर। जीवन में मचती हलचल। इंसा ठहरा फक़त मुसाफ़िर। मन ही मन लुटता जाए। चंद दिनों का लगता डेरा। जीवन एक सदन सराय। कभी पेट की लाचारी को, यूँ आँखों में भर लाता। कभी अकेले में भीतर के खालीपन को ही गाता। कभी नीर बन यादों के, सिंधु में गोते लगाए। चंद दिनों का लगता डेरा। जीवन एक सदन सराय।

- डॉ प्रतिभा गर्ग

मौसम का ' मेकअप ' उतर

मौसम का ' मेकअप ' उतर गया अब रोम छिद्र सब खुल गए धरती आकाश खुल के साँस ले रहे ... मीठे अश्कों की बारिश थी मटकी भर कर रख ली मैंने भीज बीती रात खूब रोया बादल देखो ! धुल गया उसका काजल धुल गया है पत्ता पत्ता देखो ! धुल गया धरती का आँचल मीठे अश्कों से भर गई है नदिया मीठे अश्कों से भरे ताल तलैया विरह के आँसू जो थे कल तक बने वो मिलन की धारा हर्षित मन पुलकित नवजीवन पा झूम उठा जग सारा मोरों की थिरकन से थिरकी ये धरा कण कण सुवासित है मादक भरा।

- हरप्रीत कौर रिया

माथे की बिंदियां आँखों का

माथे की बिंदियां आँखों का काजल फ़ीकी सी मुस्कुराहट ज़िंदगी की आहट.. तुम बन जाओ चाहत की मंज़िल सादगी रुप को दिल के आँगन में छुपाओ.. रात के तन्हाई की आहट दर्द-ए-इश्क़ की दवा तुम नंदिता के हर आहट में सुरमई शाम की तरह तुम अपना हर दिन बिताओ...!!

-नंदिता तनूजा

किसी के मन और हृदय को जानने

किसी के मन और हृदय को जानने के लिये,उससे ऊँचे एक मन और उससे बड़े एक हृदय की आवश्यकता है.एक बूँद जल को अगर कोई समझ पाया हो तो वह सागर ही है.नदी-नाले की गति और त्वरा बूँद की धीरता और पूर्णता से डरती है,भागती है.सागर को कोई भय नहीं है,उसे कोई जल्दी नहीं है.उसे वहीं रहना है.रूकना ही तो समझना है.नज़दीकी तो कहने की बात है.नाचती धरती को चाँद से ज़्यादा सूरज समझता है।

- शेष अमित

वक्त तो रेत है फिसलता ही

वक्त तो रेत है फिसलता ही जायेगा, जीवन एक कारवां है चलता चला जायेगा मिलेंगे कुछ खास इस रिश्ते के दरमियां, थाम लेना उन्हें वरना कोई लौट के न आयेगा।

- अनिल कुमार श्रीवास्तव

अब्दुल, चिराग, 18 करोड़.. फालतू

अब्दुल, चिराग, 18 करोड़.. फालतू के मुद्दे.. इससे क्या लेना-देना एक आम आदमी को जो कोविड, लॉकडाउन के बाद अपनी ज़िंदगी फिर से पटरी पर लाने की जद्दोजहद में लगा हुआ.. जबर्दस्ती चरस बोए हुए सोशल मीडिया और मीडिया वाले।

- ओम प्रकाश जायसवाल

जनहित खयाल देशहित

जनहित खयाल देशहित कनेक्शनदे उन्मुक्त जहां चुभती है इंजेक्शन । बवाल है सियासी पर तैरती है लाशें बिकती हवाएं गंगा आरती है उसी के वासी हैं । कमाल है अहंकारी पर।

- सुरेश वैष्णव

QUIZ TIME

1) ओलम्पिक शब्द का जन्म किस शब्द से माना जाता है?
2) सूत्रगंथ कितने है? (4 / 5 / 6)
3) मनुष्य को मरते दम तक सत्य बोलना चाहिए और शैतान को लज्जित करना चाहिए। किसने कहा था?
4) माउंट तंबोरा क्या है?
5) अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष किसे बनाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ओलम्पिया (2) 4 (3) विलियम शेक्सपीयर (4) माउंट तंबोरा इंडोनेशिया के सुंबावा द्वीप में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी पर्वत है (5) थॉमस बाख

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1576- अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ। 1758- फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था। 1812- अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स मेडिसन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1815- वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन बोनापार्ट को हार का सामना करना पड़ा। 1858- झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर के निकट ब्रिटिश सेना लड़ाई के बाद मारी गईं। 1861- लेखक देवकी नन्दन खत्री का जन्म। 1941- तुर्की ने नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1946- गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया। 1956- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम पारित हुआ। 1972- ब्रिटिश यूरोपियन विमान 548 उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 118 लोगों की मौत। 1979- अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हथियार नियंत्रण समझौता हुआ। 1987- एम एस स्वामीनाथन को पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला। 2002- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीमा बानो का निधन। 2009- नासा ने चांद पर पानी की तलाश में विशेष यान भेजा। 2012- सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद को सऊदी अरब का क्राउन प्रिंस नियुक्त किया गया। 2013- इराक की राजधानी बगदाद में दो आत्मघाती हमलों में 31 लागों की मौत और 60 घायल।

'तेरी आँखों में जादू है' में विनय, गुंजन और सुदीप का जलवा

मुंबई (वार्ता)। मल्टीस्टारर फिल्म 'तेरी आँखों में जादू है' में विनय आनंद, रानी चटर्जी, पाखी हेगड़े, गुंजन पंत और सुदीप पांडेय का जलवा दर्शकों को देखने को मिलेगा। भोजपुरी फिल्मों के मशहूर निर्माता जितेश दुबे और निर्देशक अजय कुमार की हिट जोड़ी एक बार फिर से धमाल मचने को तैयार है। इनकी जोड़ी अपनी नई मल्टीस्टारर 'तेरी आँखों में जादू है' से धमाल मचाने वाली है, जिसका निर्माण श्री कृष्णा क्रिएशन के बैनर तले होने वाला है। फिल्म 'तेरी आँखों में जादू है' की निर्माता पायल दुबे हैं, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म बेहद कमाल की होने वाली है। इस फिल्म में गोविंदा के भांजे सह मशहूर अभिनेता विनय आनंद, रानी चटर्जी, पाखी हेगड़े, गुंजन पंत, सुदीप पांडेय, प्रिंस सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, ब्रजेश त्रिपाठी, संजय सिंह, प्राची सिंह, विपिन सिंह, राहुल श्रीवास्तव और आइटम क्वीन शाईना सिंह मुख्य भूमिका में होंगी। फिल्म के कार्यकारी निर्माता सतीश उपाध्याय हैं।

फिल्म को लेकर निर्देशक अजय कुमार ने बताया कि फिल्म 'तेरी आँखों में जादू है' मनोरंजन से भरपूर फिल्म होगी। इसको लेकर हमने खूब तैयारी की है। फिल्म के लिए हमने उत्तर प्रदेश का लोकेशन सेट किया है। शूटिंग हम जुलाई के अंत में शुरू करेंगे। फिल्म को लेकर बस इतना ही कहना है कि हमारी कोशिश है हम दिल में उतर जाने वाली फिल्म बनायें, जिसको लेकर काम तेजी से चल रहा है। फिल्म का गीत-संगीत शानदार होगा। डीओपी रवि चंदन और कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी करेंगे।



सलमान खान की 'भाईजान' 2022 में दीवाली पर होगी रिलीज!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म 'भाईजान' वर्ष 2022 में दीवाली पर रिलीज होगी।

बॉलीवुड निदेशक फरहाद सामजी इन दिनों सलमान खान और पूजा हेगड़े को लेकर फिल्म बना रहे हैं। उन्होंने अपनी इस फिल्म 'कभी ईद कभी दीवाली' का नाम बदल कर 'भाईजान' रख दिया है। बताया जा रहा है कि सलमान की एक्शन-कॉमेडी 'भाईजान' को 2022 में दीवाली के अवसर पर रिलीज किया जा सकता है। बताया जा रहा है फिल्म मेकर्स नवंबर 2021 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारियां कर रहे हैं। 'भाईजान' एक तमिल फिल्म की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म में सलमान-पूजा के अलावा आयुष शर्मा और जहीर इकबाल भी नजर आएंगे।

सोनाक्षी सिन्हा ने लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुये उनसे पौधे लगाने की अपील की है।

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में लगी हुई हैं। सोनाक्षी ने हाल ही में अपने पिता शत्रुघ्न सिन्हा और मां पूनम सिन्हा के साथ मुंबई में पौधे लगाए।

सोनाक्षी ने कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। फोटोज के कैप्शन में सोनाक्षी ने लिखा, ÷अब आप एक, दो या तीन पेड़ को गोद भी ले सकते हैं। चक्रवाती तूफान ताऊ ते के कारण मुंबई ने लगभग 2363 पेड़ खो दिए हैं और उनमें से लगभग 348 पेड़ तो 'के/वेस्ट वार्ड' के ही थे। इस अद्भुत पहल को शुरू करने के लिए असिस्टेंट कमिश्नर एमसीजीएम के/ पश्चिम वार्ड श्री मोटे और उनके साथ वाली बीएमसी टीम को बधाई। जिन्होंने इस पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत लोग उखड़े हुए पेड़ों को फिर से लगा सकते हैं और गोद भी ले सकता हैं।

फरहान की तूफान 16 जुलाई को होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर की आने वाली फिल्म 'तूफान' 16 जुलाई को 'अमेजन प्राइम वीडियो' पर रिलीज होगी। राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में बनी फिल्म तूफान में फरहान अख्तर बॉक्सर का किरदार निभाते नजर आयेंगे यह फिल्म पहले 21 मई को पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन रिलीज की तारीख कोविड-19 की वजह से आगे बढ़ा दी गई थी।फरहान ने सोशल मीडिया पर फिल्म रिलीज की नयी तारीख की जानकारी शेयर की है।

फरहान अख्तर ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर लिखा, 'नम्रता, प्यार और देश के खूबसूरत लोगों के जुझारूपन को समर्पित हमारी फिल्म 'तूफान' 16 जुलाई को रिलीज होगी।÷ ऋतिक रौशन ने फरहान के पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इसका इंतजार नहीं कर सकता। गौरतलब है कि फिल्म तूफान का निर्माण फरहान अख्तर और निर्माता रितेश सिधवानी के बैनर 'एक्सेल एंटरटेनमेंट' और राकेश ओम प्रकाश मेहरा के 'आरओएमपी पिक्चर्स' के बैनर तले किया गया है। फिल्म 'तूफान' में फरहान अख्तर के अलावा परेश रावल, सुप्रिया पाठक कपूर, मृणाल ठाकुर और हुसैन दलाल भी नजर आएंगे।

न्यूज गैलरी

भारत ने श्रीलंका को दिया 10 करोड़ डॉलर का ऋण

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक?ज़िम बैंक) ने भारत सरकार की ओर से श्रीलंका सरकार को 10 करोड़ डॉलर की ऋ़ण-व्यवस्था प्रदान की है। यह ऋ़ण-व्यवस्था श्रीलंका में सौर ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए प्रदान की गई है। इस ऋण-व्यवस्था करार पर श्रीलंका सरकार की ओर से वहां के वित्त मंत्रालय के सचिव एस. आर. एट्टीगेल और एक्ज़िम बैंक के मुख्य महाप्रबंधक गौरव भंडारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस करार का आदान-प्रदान, 16 जून, 2021 को राष्ट्रपति सचिवालय, कोलंबो में श्री एट्टीगेल और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले के बीच किया गया। इस अवसर पर श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और राज्य मंत्री दुमिंदा दिसानायके उपस्थित रहे।

महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलम्पिक में अच्छा प्रदर्शन करेगी :निंगोमबम

इम्फाल (वार्ता)। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र निंगोमबम ने ओलंपिक के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई देते हुए उसकी ओर से ओलंपिक में दूसरी टीमों को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने की उम्मीद जताई है।

उन्होंने यहां गुरुवार को एक बयान में कहा, ÷ पिछले कुछ वर्षों में ओलंपिक के इस संस्करण तक महिला टीम ने अपने वर्तमान फॉर्म को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। मुझे विश्वास है कि यह टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर देगी। मैं उन्हें आगामी टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में उनकी तैयारी और प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस बीच इस बीच मणिपुर हॉकी के महासचिव सेराम नेकेन ने ओलंपिक खेलों 2020 के लिए राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के लिए मणिपुर की हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू पुखरामबम (मिडफील्डर) के टीम में चयन पर खुशी जताई है। मणिपुर हॉकी ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके अंतरराष्ट्रीय इवेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की है।

उल्लेखनीय है कि हॉकी इंडिया ने टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 की तैयारियों के अंतिम चरण पर पहुंचने के साथ ही आज 16 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

मई में हवाई यात्रियों की संख्या 63 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड़-19 से जुड़े प्रतिबंधों और संक्रमण के डर की वजह से मई में घरेलू मार्गों पर हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में अप्रैल की तुलना में 63 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आज जारी आँकड़ों के अनुसार, मई में 21.15 लाख घरेलू यात्रियों ने सफर किया। यह आँकड़ा अप्रैल के 57.25 लाख यात्रियों की तुलना में 63.06 प्रतिशत कम है। साथ ही यह जुलाई 2020 के बाद का निचला स्तर भी है। कोविड-19 की दूसरी लहर ने मई में लगभग पूरे देश को अपनी चपेट में ले लिया था। एक समय नये संक्रमितों की दैनिक संख्या चार लाख के पार पहुँच गई थी। अधिकतर राज्यों ने संक्रमण रोकने के लिए आंशिक या पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया था। हालाँकि हवाई यात्रा पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया था, लेकिन दूसरे राज्यों से अपने यहाँ आने वाले यात्रियों के लिए कई राज्यों ने बेहद कड़ी शर्तें रखीं थी ताकि लोग सिर्फ बहुत आवश्यक होने पर ही हवाई सफर करें।

पिछले साल मई में पहले 24 दिन तक नियमित यात्री उड़ानें पूरी तरह बंद रही थीं। दो महीने के विराम के बाद 25 मई से घरेलू उड़ानों की अनुमति दी गई थी। मई 2020 से फरवरी 2021 तक यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही। इसके बाद अगले तीन महीने इसमें कमी आई है। डीजीसीए के आँकड़ों से स्पष्ट है कि गत मई में लगभग सभी विमान सेवा कंपनियों का पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) यानी भरी सीटों का अनुपात कम हुआ है। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइस जेट का पीएलएफ अप्रैल के 70.8 प्रतिशत से घटकर मई में 64 प्रतिशत रह गया। इसके बावजूद वह इस मामले में दूसरी एयरलाइंस से आगे रही। इसके बाद क्रमशः गोएयर का पीएलएफ 63.3 प्रतिशत, इंडिगो का 51.2 प्रतिशत, एयर एशिया इंडिया का 44.4 प्रतिशत, स्टार एयर का 41.2 प्रतिशत, विस्तारा का 40.9 प्रतिशत और एयर इंडिया का 39.3 प्रतिशत रहा। यात्रियों की कम संख्या के कारण विमान सेवा कंपनियों ने कई उड़ानें रद्द भी कीं। एयर टैक्सी ने सबसे अधिक 61.29 प्रतिशत उड़ानें रद्द की। एयर इंडिया की 16.34 प्रतिशत, विस्तारा की 9.29 प्रतिशत, एयर एशिया इंडिया की 3.80 प्रतिशत, फ्लाईबिग की 3.57 प्रतिशत, इंडिगो की 3.51 प्रतिशत, स्पाइस जेट की 1.81 प्रतिशत और ट्रू जेट की 1.64 प्रतिशत उड़ानें रद्द हुईं।

एवरेस्ट फतह करने वाले पहले कश्मीरी नागरिक बने महफूज़ इलाही

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के दक्षिणी कुलगाम जिले के निवासी 26 वर्षीय महफूज़ इलाही हजाम इस महीने की शुरुआत में दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह करने वाले पहले कश्मीरी नागरिक बन गए हैं और उनकी इस उपलब्धि पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने उन्हें बधाई दी है। महबूबा, जो पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद प्रदेश के युवा ने महान कारनामा कर दिखाया है। महबूबा ने ट्विटर पर लिखा, ÷माउंट एवरेस्ट फतह करने के लिए कुलगाम के महफूज़ इलाही को बधाई।

आईसीसी ने शुरू किया धन संग्रह अभियान

साउथम्प्टन (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपनी क्रिकेट फॉर गुड पहल के माध्यम से गुरुवार को दक्षिण एशिया में यूनीसेफ की आपातकालीन कोरोना रिलीफ के समर्थन में धन संग्रह अभियान शुरू किया है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां 18 से 22 जून के बीच खेले जाने वाले पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान आधिकारिक तौर से अभियान की शुरुआत की जाएगी। दरअसल कोरोना महामारी का दक्षिण एशिया पर भयंकर प्रभाव पड़ा है, जहां लगभग 200 करोड़ लोग और दुनिया के एक चौथाई से अधिक बच्चे रहते हैं। कोरोना के नए स्वरूप और तेजी से बढ़ते संक्रमण के मामलों ने पूरे क्षेत्र में जीवन रक्षक उपचार और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमताओं को पीछे छोड़ दिया है। इस क्षेत्र में अब तक तीन करोड़ से अधिक कोरोना मामले और चार लाख से अधिक मौतें दर्ज की गई हैं। आईसीसी ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा, ÷ बच्चों पर इस वायरस का सीधा प्रभाव पड़ा है और वे पहले से कहीं ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। बच्चे कोरोना के कारण अपने माता-पिता और देखभाल करने वालों को खो रहे हैं।

एंजेल ब्रोकिंग का ग्राहक आधार पहली बार 50 लाख के पार

मुंबई (वार्ता)। फिनटेक ब्रोकर एंजेल ब्रोकिंग ने पिछले महीने रिकॉर्ड मंथली ग्रॉस क्लाइंट जोड़ने के बाद जून 2021 में ग्राहक जोड़ने का सिलसिला जारी रखा है। भारत में शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने वालों की संख्या बढ़ी है और एंजेल ब्रोकिंग ने भी बाजार के जोश को प्रतिध्वनित किया है। इसने बढ़े हुए मंथली क्लाइंट एडिशन रेट में सफलतापूर्वक '50लाख ग्राहक' का मील का पत्थर पार कर लिया है। एंजेल ब्रोकिंग ने मई 2021 में अपना अब तक का सबसे अधिक मासिक सकल ग्राहक अधिग्रहण किया। इसकी ग्राहक वृद्धि दर तिमाही दर तिमाही लगातार बढ़ी है, वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में 14 गुना से अधिक बढ़कर 9.6लाख हो गई है, जो वित्त वर्ष 2020 की पहली तिमाही में एक लाख से कम थी। कंपनी ने सभी प्रक्रियाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया और इसका ही परिणाम शानदार विकास के तौर पर सामने आया है। फिनटेक ब्रोकर ने बेहतर और निर्बाध ग्राहक अनुभव सुनिश्चित किया है, जिससे टियर 2, टियर 3 बाजारों और उससे आगे के बाजारों में गहरी पैठ बनाई है। इसने मोबाइल ऐप, वेब प्लेटफॉर्म और विशेष सॉफ्टवेयर सूट सहित डिजिटल चैनलों के व्यापक स्पेक्ट्रम में सेवा उपलब्धता के साथ उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस विकसित किया है।

रुपया एक फीसदी लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान के बाद आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में एक फीसदी से अधिक की भारी गिरावट रही और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 74.08 रुपये का बिका।

भारतीय मुद्रा बुधवार को 73.32 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुई थी।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के वर्ष 2023 तक ब्याज दरों में 0.06 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना जताये जाने से डॉलर में उछाल देखा गया जिससे रुपया दबाव में आ गया। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज 0.75 प्रतिशत मजबूत हुआ। डॉलर की मजबूती से रुपये पर शुरू से ही दबाव रहा। यह 33 पैसे लुढ़ककर 73.65 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और फिर उबर नहीं सका। इसका दिवस का उच्चतम स्तर सुबह के कारोबार में 73.57 रुपये प्रति डॉलर दर्ज किया गया।

सोना डेढ़ हजार, चांदी 2,800 रुपये के करीब लुढ़की

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान के बाद विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही जबरदस्त गिरावट के दबाव में घरेलू स्तर पर भी गुरुवार को सोने-चाँदी के भाव धराशायी हो गये। एमसीएक्स वायदा बाजार में सोना 1,480 रुपये यानी 3.05 प्रतिशत लुढ़ककर 47,026 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना मिनी भी 1,375 रुपये की गिरावट के साथ 46,904 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चाँदी 2,795 रुपये यानी 3.91 प्रतिशत टूटकर 68,673 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चांदी मिनी भी 2,542 रुपये की कमजोर हुई और 68,964 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई। फेड के बयान में आने वाले समय में वर्ष 2023 तक नीतिगत ब्याज दरों में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना व्यक्त की गई है। इससे निवेशकों ने सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने की पूँजी बाजार में पैसा लगाया जिससे पीली धातु दबाव में आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 40.70 डॉलर लुढ़ककर 1,778.25 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इससे पहले बुधवार को भी इसमें भारी गिरावट रही थी। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 81 डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 1,780.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

भारत ओलम्पिक मुक्केबाजी में जीतेगा चार पदक : सरिता देवी

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व विश्व चैंपियन एल सरिता देवी का मानना है कि भारत के पास इस बार 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले टोक्यो ओलम्पिक में मुक्केबाजी में कम से कम चार पदक जीतने का अच्छा मौका है।

सरिता ने 'दिल्ली लेट्स प्ले' के साथ विशेष बातचीत में यह बात कही। भारत के नौ मुक्केबाजों ने इस बार टोक्यो के लिए क्वालीफाई किया है। सरिता ने कहा,' भारत के पास इस वर्ष होने वाले टोक्यो ओलम्पिक में काफी अच्छा मौका है। सभी क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी क्वालीफाई कोचों और सपोर्ट स्टाफ की निगरानी में अपनी तैयारी अच्छी तरह कर रहे हैं। खेल मंत्रालय खिलाड़ियों को वह सब उपलब्ध करा रहा है जिसकी उन्हें जरूरत है। इसे देखते हुए मुझे लगता है कि भारत के पास पिछले संस्करणों के मुकाबले इस बार काफी अच्छा मौका है। ओलम्पिक में पदकों की संख्या के बारे में पूछने पर सरिता ने कहा,'मैं पहले मुक्केबाजी के बारे में कहूंगी।

गिरावट नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76.15 अंक गिरावट के साथ 15,691.40 अंक पर बंद हुआ

फेड के बयान के बाद लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों बढ़ोतरी की संभावना से घरेलू शेयर बाजारों में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 178.65 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 52,323.33 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76.15 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,691.40 अंक पर बंद हुआ। फेड ने वर्ष 2023 तक नीतिगत ब्याज दरों में 0.6 प्रतिशत वृद्धि की संभावना व्यक्त की है। उसने कहा है कि आने वाले समय में श्रम बाजार में सुधार और बेरोजगारी कम होने की उम्मीद है। आईटी, टेक और एफएमसीजी को छोड़कर अन्य क्षेत्र की कंपनियों में बिकवाली हावी रही। इससे मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव बना। बीएसई का मिडकैप 1.29 फीसदी लुढ़ककर 22,396.07 अंक पर बंद हुआ। छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप भी 0.58 प्रतिशत टूटकर 24,868.93 अंक पर रहा। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और शेष 10 के हरे निशान में रहे। इंडसइंड बैंक में सबसे अधिक 2.91 प्रतिशत की गिरावट रही। डॉ. रेड्डीज लैब का शेयर 2.17 फीसदी, एनटीपीसी का 2.13 फीसदी और मारुति सुजुकी का 2.02 प्रतिशत लुढ़क गया।बजाज ऑटो का शेयर 1.52 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 1.51 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.44 प्रतिशत, एचडीएफसी का 1.37 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 1.35 प्रतिशत और ओएनजीसी का 1.30 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक में 1.23 फीसदी, आईसी आईसीआई बैंक में 1.16 फीसदी और आईटीसी में 1.13 फीसदी की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.37 प्रतिशत, टीसीएस का 1.34 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.13 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 1.04 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। विदेशों में अधिकतर शेयर बाजार लाल निशान में रहे। जापान का निक्केई 0.93 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.42 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत टूट गया। सेंसेक्स 379.73 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 52,122.25 अंक पर खुला। आईटी और टेक कंपनियों में लिवाली के दम पर दोपहर से पहले कुछ देर के लिए यह हरे निशान में आया और करीब 22 अंक चढ़कर 52,523.88 अंक पर पहुँच गया।

एमपीएल स्पोर्ट्स फाउंडेशन बना आईओए का प्रिंसिपल प्रायोजक

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि एमपीएल स्पोर्ट्स फाउंडेशन आगामी टोक्यो ओलम्पिक, 2022 के एशियायी खेल और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए आईओए का प्रिंसिपल प्रायोजक बन गया है।

चीनी कंपनी ली निंग को भारतीय खिलाड़ियों के प्रायोजक के रूप से हटाए जाने के बाद आईओए के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ध्रुव बत्रा और महासचिव राजीव मेहता ने आज एक बयान जारी कर नए प्रायोजक की घोषणा की। मेहता ने बताया कि एमपीएल ने डेढ़ वर्षों यानी 31 दिसम्बर 2022 तक के लिए करार किया है और इस प्रायोजन के जरिये वह आईओए को कुल आठ करोड़ रुपये देगा । इसके अलावा वह 2022 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल को स्पोर्ट्स किट भी उपलब्ध कराएगा।

पिछले संस्करणों में आईओए को अपना समर्थन दे रहा अमूल टोक्यो ओलम्पिक में आईओए को समर्थन देने के लिए आगे आया है। मेहता ने बताया कि अमूल की 31 दिसम्बर 2021 तक की अवधि तक के लिए प्रायोजन राशि एक करोड़ रुपये की है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा,'हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले सप्ताहों में ऐसी और अच्छी खबर आपके साथ साझा करें क्योंकि कुछ प्रायोजकों से अभी बात चल रही है।

पूर्ण शराबबंदी : शराब की बोतलों के साथ युवा मोर्चा ने विधायक बंगले के बाहर किया प्रदर्शन

- सरकार के खिलाफ ज़मकर नारेबाजी

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कांकेर द्वारा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चुनाव के दौरान किये गये जनघोषणा अनुसार शराबबंदी की मांग को लेकर आज विधायक शिशुपाल शोरी के निवास का घेराव किया गया । युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शराब की बोतलों व शराबबंदी की मांग वाली तख्ती के साथ विधायक निवास के बाहर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में आज युवा मोर्चा व अजजा मोर्चा द्वारा विधायक निवास के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है । कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 36 वादे किये थे परंतु सरकार के ढाई वर्ष पूरे होने

के बाद भी आज तक कांग्रेस सरकार ने वादा पूरा नही किया है । सरकार को अपने चुनावी वादा पूरा करने दबाव बनाने यह प्रदर्शन किया जा रहा है ।

युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन ने कहा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर पूर्ण शराबबंदी का वादा गंगाजल की कसम खा कर किया था परंतु शराबबंदी करने के बजाय भूपेश बघेल सरकार ने शराब की होम डिलीवरी चालू कर दी । श्री जैन ने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेसी सरकार अपना वादा भूल गई है । सरकार को अपना वादा याद दिलाने युवा मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में कांग्रेसी मंत्रियों और विधायकों के निवास के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंशु शुक्ला व संजू गोपाल साहू ने कहा कि कोविड महामारी में लॉकडाउन के दौरान लोग जब दवा व खाने-पीने के सामानों की समस्या से गुजर रहे थे ऐसे वक्त में भूपेश सरकार घर घर शराब पहूंचा कर दे रही थी । इस सरकार को लोगों की दवा से ज्यादा चिंता लोगों को शराब पिलाने की थी । चुनाव से पूर्व कांग्रेसी नेताओं ने हाथ में गंगाजल लेकर शराबबंदी का वादा किया था परंतु इन्होने गंगाजल की कसम को भूला कर जनता के हाथ में शराब की बोतल पकड़ा दी । महामारी में जब जनता आक्सीजन, दवाई व बेड के लिए दौड़ भाग कर रही थी तब कांग्रेस सरकार शराब दुकान खोलने व लोगो को शराब पहूंचाने के लिए कवायद कर रही थी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने एक स्वर में सरकार से अपना वादा निभाने व राज्य में शराबबंदी की मांग कीया गया है। विरोध प्रदर्शन में अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलीम मेंमन भूपेंद्र नाग,शशांक सलाम,गोलू तिवारी,भानु नेताम धर्मेंद्र तिवारी , घनेद्र ठाकुर कमलेश नेताम, विनोद रावटे ईश्वर ध्रुव श्रधेश चौहान पीयूष वलेचा,विवेक गुप्ता सीनू शुक्ला पोषक कौशिक, तुषार सिन्हा योगेश राजपूत, जतिन अटभैया जयंत अटभैया, योगेश साहू राजन उइके कृष्णा पांडेय,रोशन साहू जया हिरवानी , दीपांशु जैन मनीष जैन सहित युवा मोर्चा के अन्य कार्यक्रर्ता उपस्थित रहे ।

केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण से देश में तेल एवं खाद्य पदार्थों के मूल्यों के विरोध में कांग्रेस ने निकाली विरोध रैली

काँकेर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार 17 जुन दिन 12:00 से 3:00 तक जिला ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा केंद्र सरकार की

गलत नीतियों के कारण से देश में तेल एवं खाद्य पदार्थों के मूल्यों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से जनता को महंगाई की मार झेल ना पड़ रहा है जिस के संबंध में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया कोठारी पेट्रोल पंप के सामने ऑटो रिक्शा में लाउडस्पीकर के माध्यम से जुमले से भरी भाषण को शहर के मेन रोड में प्रचारित किया गया जिसमें जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे..! जिसमे जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम जितेंद्र सिंह ठाकुर श्रीमती सरोज ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका कांकेर नरेश ठाकुर दिलीप खटवानी यासीन कराणी मनोज जैन मकबूल खान विजय यादव जितेंद्र वैद आनंद चौरसिया अजय रेणु बंटी शर्मा तुकेश्वर साहू तबरेज खान सोमेश सोनी मुकेश तिवारी शादाब खान तरेंद्रा भंडारी सतीश दीपक श्रीमती आरती श्रीवास्तव कमला गुप्ता राजेश ठाकुर लतीफ मेमन सुमति मतीन खान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे..द्य

रेंगानार के बाद ये गांव भी पूर्ण वैक्सीनेशन तरफ तेजी से बढ़ रहा

दंतेवाड़ा। कोरोना महामारी के बीच दंतेवाड़ा जिला प्रशासन मुस्तेद तैयारियों के साथ ग्रामीण इलाकों में कोरोना वैक्सीन कवच की तरह ग्रामीणों को लगवाने में जागरूकता अभियान की मदद से प्रशासन गांव गांव तक मुहीम जागरूकता दल की टीम से चलवाकर ग्रामीणों को टिका लगवा रहा है। दंतेवाड़ा जिले के रेंगानार गांव मिशाल के तौर पर छ्ग प्रदेश में जागरूकता के साथ शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए अलग छाप बनाकर छोड़ दिया है। इसी तरह से तुड़पारास गांव में पात्र वोटर लिस्ट 519 की ग्रामीण संख्या में 498 ग्रामीणों को पहले चरण का टीका लग चुका है। तो वही दूसरे चरण में 45 वर्ष से अधिक आयु के 151 दूसरी डोज पर लग चुकी है। वही दूसरे चरण में 18 प्लस से अधिक आयु के 27 ग्रामीणों को दूसरी डोज का टीका भी लग चुका है। प्रशासन ने गांव में टीकाकरण अभियान के लिए स्पेशल बस लगा रखी है। ग्राम सरपंच सचिव और जागरूकता दल लगातार तुड़पारास के अंदुरुनी 7 पारा में लगातार जागरूक कर टिका लगवाने में युद्ध स्तर पर लगे हुए। प्रशासन की मुस्तैदी देखकर प्रतीत होता है कि जल्द इस गांव में सम्पूर्ण वैक्सीनेशन करवाने में प्रशासन सफल हो जायेगा।

कोविड संक्रमित 2 ग्रामीण महिलाओं की कोविड केयरअस्पताल गीदम में सुरक्षित प्रसव, कलेक्टर ने टीम को दी बधाई

दंतेवाड़ा। पीपीई कीट पहन हाथों में नवजात शिशु पकड़ी ये नर्स दंतेवाड़ा जिले के गीदम कोविड अस्पताल की है। जहाँ कटेकल्यान ब्लाक के गुडसे पटेलपारा की वेल्ली मरकाम और हौरनार कि लक्ष्मी ओयामि गर्भवती होने साथ साथ कोरोना संक्रमित थी। दोनों महिलाओं का दंतेवाड़ा गीदम कोविड केयर अस्पताल में कोरोना का ईलाज प्रशासन द्वारा करवाया जा रहा था। जैसे ग्रामीण महिलाओं के गर्भवती होने की जानकारी दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी तक पहुँची। उन्होंने विशेष निगरानी में कोरोना संक्रमित महिलाओ का इलाज करवाने के निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिये।

जिसके बाद दोनों ही गर्भवती ग्रामीण महिलाओं के ईलाज में चिकित्सक व नर्स स्टाफदिन-रात सघन देखभाल लग गये । क्योकि स्वास्थ्यकर्मियों के पास ऐसे मामलों में दोहरी जिम्मेदारी थी। जच्चा और बच्चा दोनों की सुरक्षा का दायित्व होने निभाना था। जिसे उन्होंने बखूबी निभाया भी अंतः दोनों गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित प्रसव करवाकर स्वास्थ्य अमले ने अपनी जिम्मेदारी सकुशल निभाई। जहाँ जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य है।

ये तस्वीर अपने आप मे यह बताने के लिये पर्याप्त है कि दंतेवाड़ा जिले के नक्सल संवेदनशील इलाको में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी के खींचे खाखे पर किस तरह से लड़कर कोरोना की जंग जीत रहा है। कोरोना महामारी संक्रमण के फैलाव के डर से लोग नजदीकी रिश्तों से भी दूरी बना लेते हैं। ऐसी परिस्थितियों में प्रशासन का काम काबिले तारीफ़है।

माँ और बच्चे दोनों स्वस्थ्य और पूरी तरह से अभी हेल्थी है। हेल्थ टीम ने बहुत ही अच्छे से अपनी जिम्मेदारी निभाई है। पूरी तरह से स्वस्थ्य होने तक जच्चा बच्चा दोनों की केयर अस्पताल में ही करेंगे।

एक्सपायरी सामान बेचने वालों पर फिर एक्शन में आई टीम

- भानुप्रतापपुर के संबलपुर किराना में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी सामान जब्त
- अब लगातार एक्शन में रहेंगी टीम - विमल सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

> एक्सपायरी सामान बेचे जाने की शिकायत मिली थी ।कार्यवाही के दौरान बड़ी मात्रा में संबलपुर के किराना दुकान से एक्सपायरी माल जब्त किया गया है ।यह तो साफ़ हो गया है ।कि लोगो मे जनजागरूकता आ रहा है ।हमारी कार्यवाही आगे भी ज़ारी रहेगा।
>
> **विमल सिंह ,जिला खाद्य औषधि अधिकारी**

काँकेर। लाकडाउन के पहले लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर एक्सपायरी सामान बेचने वालों पर प्रशासन की गठित टीम के द्वारा जिले भर में ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद एक्सपायरी सामान बेचने वाले सचेत हो गए थे।और प्रशासन की कार्यवाही से शहर व ग्रामीण इलाकों में लोगो मे जागरुकता भी आ चुकी है की अब लोग खाने पीने के सामानों में दिन तारीख़ और एक्सपायरी देखकर सामान खरीद रहे है।अब इस बीच लाकडाउन अनलॉक होते ही एक्सपायरी सामानो की बिक्री पुनः धड़ल्ले से हो रही है।अब ग्रामीण इलाक़ो से लोग खाद्य अधिकारीयो से सम्पर्क कर एक्सपायरी सामान बेचे जाने की शिकायत स्वंय कर जागरूक होने का परिचय देने लगे है।गुरुवार को एक बार फिर कलेक्टर की गठित टीम एक्शन में आकर बड़ी मात्रा में एक्सपायरी सामान को जब्त करने में बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार 17 जुन गुरुवार को विमल कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी नँद किशोर हिरवानी नमूना सहायक, खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग एवम सुश्री पूजा थेर खाद्य निरीक्षक खाद्य विभाग के सँयुक्त टीम ने भानुप्रतापपुर के कन्हारगांव स्थित कन्हारगांव ढाबा में घरेलू सिलेंडर उपयोग करते पाये जाने पर टीम द्वारा मौके पर ही ढाबा संचालक नंदू राम यदु पर 1450रुपये का जुर्माना किया गया।जिसके बाद उक्त टीम भानुप्रतापपुर से सटे ग्राम संबलपुर पहुँचा।संबलपुर में गौतम ट्रेडर्स प्रो गौतमचंद की किराने की दुकान में टीम ने दबिश दी।जहाँ एक्सपायरी सामान फार्च्यून आटा 15 पैकेट 450 रुपये, अंशिका वंश आटा 330 रुपये, गणेश बेसन 6 पैकेट 240 रुपये, निलॉन्स क्लासिक आचार 12 किलो 1860 रुपये, ब्रिटानिया बिस्किट 63 पैकेट 1170 रुपये, हल्दीराम लाइट चिवड़ा 200 पैकेट 1000 रुपये, रामबन्धु नाशिक चिवड़ा 100 पैकेट 1000 रुपये हल्दीराम सेव भुजिया 100 पैकेट 1000 रुपये कुल 7050 रुपये के एक्सपायरी सामानों को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू किया गया।इस दौरान उपस्थित टीम ने जब्त एक्सपायरी समान को मौके पर रहकर नष्ट कराया गया।

पर्वतारोही बेटी नैना सिंह धाकड़ का बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर में किया स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। कांकेर जिला अध्यक्ष कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ श्री आकाश राव के निर्देशानुसार बस्तर की पर्वतारोही बेटी नैना सिह धाकड़ के नए कीर्तिमान बनाने के पश्चात प्रथम बस्तर आगमन पर कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो के द्वारा स्वागत किया गया।

नारी तू ही शक्ति तुझसे दुनिया की पहचान होती है । छत्तीसगढ़ रत्न बस्तर की लाडली बेटी पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ ने काफी मेहनत और लगन से नया कीर्तिमान बनाया।

छत्तीसगढ़ के लिए बेहद गर्व

की बात है की बस्तर की बेटी ने ये कीर्तिमान बनाया है पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ ने फतह किया विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट 8848.86 द्व और माउंट लोत्से 8516 द्व। यह उपलब्धि हासिल करनी वाली राज्य की प्रथम महिला बनी। नैना धाकड़ जी ने बताया की जिला मुख्यालय से 17किलोमीटर टाकरागुड़ा गांव की रहने वाली है वे वर्ष 2010 से पर्वतारोहण से जुड़ी है ।

उन्होंने बताया कि 1जून को को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की फतह करने से पहले 23 मई को 8 हजार 516 मीटर ऊँची माउन्ट लोहत्से में भी उन्होंने सफलता पूर्वक चढ़ाई की इन दोनों ही चोटियों में फतह करने वाली वे देश की दुसरी व छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला बनी।

बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर में कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के द्वारा पर्वतारोही बेटी का स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रलोक सिंह ठाकुर, विजेन्द्र तिवारी,महेंद्र नाग,चंद्रलोक सिंह ठाकुर, विजेंद्र तिवारी ,छत्रेश जैन,टिकेश्वर ध्रुव,महेंद्र नाग, खुशबू श्रीवास,ऋषि के द्वारा स्वागत किया गया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

15 दिनों से यातायात की प्रभावी लगातार कार्यवाही

बिलासपुर।। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर प्रशांत अग्रवाल द्वारा शहर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने पूर्व में बैठक की गई थी। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार बघेल एवं नव पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक सुश्री ललिता मेहर ने यातायात की व्यवस्था के सम्बन्ध में यातायात के अंतर्गत आने वाले पांचों थानों तिफरा, कोतवाली, सरकंडा लिंक रोड, मंगला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिलासपुर शहर में लॉकडाउन खुलने के उपरांत यातायात का काफी दबाव शहर के मुख्य मार्गो पर एवं बाजार क्षेत्रों में बढ़ने लगा था, आमजन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीदी हेतु एवं आवश्यक काम से एक स्थान से दूसरे स्थान आवागमन से यातायात का दबाव शहर के मुख्य सड़कों पर पड़ने लगा, जिसके मद्देनजर नव पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक सुश्री ललिता मेहर द्वारा स्वयं यातायात व्यवस्था को मद्देनज़र निरंतर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। यातायात की सुगम व्यवस्था को लेकर पांचो थानों के मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग को विशेष निर्देश दिए गए कि नो पार्किंग में किसी प्रकार की वाहन पार्किंग नही किया जाए। ऐसा पाए जाने पर समझाइश के साथ आवश्यकता होने पर कार्यवाही की जावें।

कोरोना की तीसरी लहर से छात्रों को बचाने के लिए विधायक ने उठाया सराहनीय कदम

- विधायक जायसवाल ने छात्रों के लिए निशुल्क कॉपी और लिफाफे की कराई व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

कोरिया/चिरमिरी। करोना कॉल के बाद छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए किसी प्रकार से परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए क्षेत्र के विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने अत्यंत ही सराहनीय कदम उठाया है । पुरे मामले में डॉ. जायसवाल ने बताया कि उन्होंने मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरगुजा विश्विद्यालय के शासकीय लाहिडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी, शासकीय माँ महामाया नवीन महाविद्यालय खड़गवां, शासकीय विवेकानंद पीजी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में अध्ययनरत जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर समस्त छात्र छात्राओं को सरगुजा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आगामी मुख्य परीक्षा 2020-21 के लिए आवश्यक उत्तर पुस्तिका निर्धारित ए4 साइज की 32 पेज की कॉपी ए4 साइज के लिफाफ सहित दोनों प्रारूप में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

विधायक जायसवाल ने कहा कि कोरोना के कारण बहुत से परेशानियों का सामना आम जनों को करना पड़ा है । जिससे उनके आय भी प्रभावित हुई है एवं कोरोना की तीसरी लहर में सबसे

ज्यादा बच्चों को प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की गई है । जिसको देखते हुए मैंने यह फैसला किया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के छात्र पेपर लेने के लिए भीड़ भाड़ वाली जगह पर इकट्ठा ना होना पड़े एवं उनको किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आर्थिक रूप सेकमज़ोर समस्त जरूरतमंद छात्र छात्राओं को लाभ पहुंचाने के लिए विधानसभा अंतर्गत तीनों महाविद्यालयों शास0 विवेकानंद महाविद्यालय मनेंद्रगढ़ के लिए सौरव मिश्रा मो 7879098164, शास0 मा महामाया नवीन महाविद्यालय खड़गवां के लिए रितेश चंद्र मो . 6267 590 628 एवं खुशबू विश्वकर्मा मो. 91746 42680, शासकीय लाहिडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी के लिए विजय शर्मा मो 9770446301 एवं चंद्रभान वर्मन मो. 9039407234 को ऑर्डिनेटर नियुक्त कर दिया गया हैं । जिससे जरूरतमंद छात्र छात्राएं संपर्क करके निशुल्क पेपर एवं लिफाफा प्राप्त कर सकते हैं ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मोदी सरकार की महंगाई ...

''महंगाई कम होनी चाहिए की नही होनी चाहिए। क्या ये जिम्मेवारी सरकार की है की नही है। ये जिम्मेवारी दिल्ली सरकार की है की नही है। लेकिन ऐसे कह रहे है जैसे उनकी जिम्मेवारी नही है। प्रधानमंत्री महँगाई कम कर पाओ या न कर पाओ, कम से कम अटल बिहारी वाजपेयी जहाँ छोड़ के गए थे वहाँ तो लाकर के रख दो।''

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी सरकार के शुरूआती दौर में पेट्रोल डीजल के दाम में आंशिक कमी पर की गयी दंभोक्ति भी बजाया गया जिसमें मोदी कह रहे थे-''मुझे बताइये पेट्रोल के दाम कम हुए की नही। ऐसे नही पूरी ताकत से बताइये। पेट्रोल के दाम कम हुए की नही हुए, डीजल के दाम कम हुए की नही हुए। आपके जेब मे थोड़ा बहुत पैसा बचने लगा की नही लगा। आपका फायदा हुआ की नही हुआ। हमारे विरोधी लोग कहते है ये तो मोदी नसीब वाला है इसलिए हुआ है।''

इसके साथ ही मोदी द्वारा महंगाई बढ़ने के संबंध में की गई अनोखी व्याख्या जिसमें वे कह रहे-''पहले गरीब सुखी रोटी खाता था लेकिन अब गरीब दो-दो सब्जी खाता है। इसलिए महंगाई बढ़ गई।'' प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम कोण्डागांव के प्रदर्शन में शामिल हुये। प्रदेश के 27 जिला मुख्यालयों लगभग 3000 से अधिक वार्डो 307 से अधिक संगठन ब्लाकों में कांग्रेस ने महंगाई के विरोध में मोदी के भाषणों के ऑडियो को सुनाकर बताया कि भाजपा और उसके नेता कितने अवसरवादी है जो सत्ता के पहले महंगाई को कोसते थे, सरकार में आने के बाद टैक्स लगाकर जमाखोरों को प्रश्रय देकर महंगाई बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जनता ने कांग्रेस के इस अनूठे प्रदर्शन को खूब सराहा भी।

ढ़ाई साल में विकास के ...

डा. सिंह ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस सरकार के ढाई साल को लेकर पांच दिनों का महाअभियान चलाया, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ बिना प्रदर्शन किये लोगों के घरों जाकर कांग्रेस सरकार के ढाई साल को लेकर उनसे उनका विचार एवं रवैया जाना। पूर्व मुख्यमंत्री डा. सिंह ने कहा इस महाअभियान में जनता की बातें सुनने के बाद जो रिपोर्ट आई है उससे जनता में कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये वादाखिलाफी से काफी नाराजगी दिखी। शराब बंदी, शिक्षकों की भर्ती, बेरोजगारी भत्ता, किसानों को धान का बोनस, बिजली बिल हाफ सहित कई वादें घोषणा पत्र में करने के बाद उसे पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि इन ढाई साल में कांग्रेस सरकार ने वादाखिलाफी , बईमानी, लूट, माफियाराज के अलावा और कुछ नहीं किया। प्रदेश में कांग्रेस के राज में शराब से लेकर कोल, रेत माफिया बढ़ा है। जनता को इससे लगने लगा है कि अब वे छले गये है।

डा. सिंह ने कहा कि कांग्रेस के ढाई साल के कार्यकाल में आखिर विकास के सारे कार्य क्यों ठप है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की वित्तीय स्थिति क्या है इसकी सच्चाई जनता के सामने आनी चाहिए। डा. सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की कि वित्तीय स्थिति को लेकर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए, ताकि जनता को भी प्रदेश की वित्तीय स्थिति की जानकारी हो।

एलोपैथी पर भ्रम ...

अपमान करने जैसे आरोपों के तहत उनके खिलाफ केस फाइल हुआ है।

पिछले दिनों बाबा रामदेव की ओर से कोरोना वैक्सीन को लगवाने की बात कही गई थी। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों को धरती पर देवता के समान बताया था। इससे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और योग गुरु के बीच विवाद खत्म होने की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन अब इस एफआईआर के चलते एक बार फिर से दोनों के बीच जुबानी जंग तेज हो सकती है। एसएसपी अजय यादव ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। आईएमए की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि रामदेव ने गलत जानकारी फैलाई है।इसके अलावा मेडिकल जगत की ओर से इस्तेमाल की जा रही दवाओं को लेकर डराने वाली बातें कही हैं। इन दवाओं के इस्तेमाल को भारत सरकार और आईसीएमआर की ओर से मंजूरी प्रदान की गई है।

भ्रम पैदा करने की ...

दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर उनके ऐसे कई वीडियोज हैं, जिनमें वह भ्रामक बयान देते हुए दिख रहे हैं। यही नहीं शिकायत में कहा गया है कि ऐसे वक्त में जब केंद्र सरकार, डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफकोरोना से जंग लड़ रहे हैं, तब बाबा रामदेव ने इलाज की प्रक्रिया और तरीकों को लेकर भ्रम पैदा करने की कोशिश की है।

बैगाओं ने घाट काटकर...

वनांचल गांव है, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी निवासरत है। वैश्विक महामारी कोरोना के लॉकडाउन में घाट कटिंग कार्य के साथ भेलकी और अधचरा के ग्रामीणों को रोजगार का अवसर मिला और साथ में साकार हुआ बरसों पुराना सपना। वित्तीय वर्ष 2020-21 में यहां कार्य 18 लाख 17 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत हुआ। इस कार्य में दो गांव के 140 परिवारों को बड़ी मात्रा में रोजगार का अवसर मिला।

मनरेगा के कार्यो पर...

18 लाख 17 हजार रूपए से बन रहे इस घाट कटिंग एवं सड़क निर्माण कार्य की लंबाई 2 किलोमीटर है जो ग्राम पंचायत भेलकी में स्वीकृत हुआ है। अप्रैल माह से प्राम्भ हुए इस कार्य मे अब तक औसतन 180 पंजीकृत मजदूर प्रतिदिन काम कर रहे हैं, जिनमे 5952 का मानव दिवस रोजगार का सृजन किया जा चुका है। इस कार्य से ग्रामीणों को 10 लाख 19 हजार रुपये का मजदूरी भुगतान मिला है जो उन्हें सीधे तौर पर आर्थिक संबल देगा। 11 सप्ताह तक चला यह कार्य अब लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है जिसमें गांव के महिला एवं पुरुष ने पहाड़ों को काटकर घाट कटिंग करते हुए अपने लिए सुविधायुक्त रास्ता बना रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

न्यूज गैलरी

सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने वित्त आयोग मद से डोजर, हाइड्रोलिक ट्रेलर क्रय

बीजापुर/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद् बीजापुर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु 14वें वित्त आयोग मद(ठोस अपषिष्ट प्रबंधन हेतु) से 01 डोजर, 02 नग हाइड्रोलिक ट्रेलर क्रय किया गया। क्रय वाहनों का पूजा कर कार्य शुभारंभ किया गया, जिसमें नगर पालिका परिषद् बीजापुर के अध्यक्ष बेनहुर रावतिया जी, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सल्लूर, एवं वरिष्ठ पार्षदगण, प्रवीण डोंगर, कलाम खान, इत्यादि एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन मेरिया, एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

अंतागढ़ भाजयुमो ने विधायक कार्यालय का घेराव कर सरकार से मांगा जवाब

अंतागढ़/नवप्रदेश। आज प्रदेश संगठन के अहवान पर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने विधायक कार्यालय का घेराव किया। भाजयुमो के

अध्यक्ष प्रतिक ठाकुर ने बताया कि चुनाव पूर्व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जनता से बहुत वादे किये थे परंतु शासन में आते ही वह इन वादों को भूल गई है। हमारे स्थानीय विधायक अनुप नाग भी इन वादों को पूरा करवाने में कोई पहल ना करते हुये कुम्भकर्णी नींद में सो रहे हैं। जनता से किये वादों को पूरा कराने हेतु विधायक महोदय को जगाने के लिये भाजयुमो के द्वारा कोविड नियमों का पालन करते हुये आज गुरुवार 17 जून 2021 को दोपहर 2 बजे विधायक निवास के सामने प्रदर्शन करते हुए हमारे कार्यकर्ताओं ने विधायक से जवाब मांगा कि आपने गंगाजल लेकर के कसम खाई थी कि पूर्ण शराबबंदी करेंगे ?2500 बेरोजगारी भत्ता देंगे किसानों को एक साथ 2 साल का बोनस और 2500 में धान खरीद करके एकमुश्त रकम देंगे। आज के इस आंदोलन में प्रमुख रूप से बृजेश चौहान, नगरपंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास, मंडल अध्यक्ष जीतू मरकाम, युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रतिक ठाकुर, मोनू सिन्हा सहित युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने जिला प्रशासन उठा रहा है ठोस कदम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश की अगली ही सुबह कलेक्टर

डॉ. सारांश मित्तर ने बिल्हा एवं मस्तूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन द्वारा कोविड की संभावित तीसरी लहर से पहले स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे है।

पति ने योजना बनाकर करवाई थी पत्नी की हत्या

जांजगीर चाम्पा/नवप्रदेश। जिले के पंतोरा चैकी क्षेत्र में 15 जून की रात हुए महिला के प्री प्लांड मर्डर का खुलाशा पुलिस ने कर दिया है।

इस मामले में पति ने 4 लुटेरों के द्वारा पत्नी की रस्सी से गला घोंट कर हत्या की झूठी कहानी पुलिस को सुनाई थी। मृतका के परिजनों के द्वारा पति पर ही हत्या की आशंका जाहिर की गई थी, परिजनों के बयान के आधार पर तफ्तीश में जुटी पुलिस ने आज इस मर्डर मिस्ट्री का खुलाशा कर दिया है, हत्या के आरोपी पति को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही उसके दो सहयोगी भी पकड़े गए हैं जिनमे एक महिला भी शामिल है।

सीरियल रामयुग में धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप

अकलतरा/नवप्रदेश। ओटीपी प्लेटफॉर्म मेक्स प्लेयर पर दिखाई जाने वाली सीरियल राम युग में राष्ट्रीय एकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने हेतु एवं मिथ्या दस्तावेज लेखन तथा धार्मिक भावनाओं को उत्तेजित करना व धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए निर्माता निर्देशक व कलाकारों के ऊपर भादवि की विभिन्न धाराओं 295 (क), 298 (क), 153 (क) व 464 के तहत प्रथम दृष्टियां अपराध दर्ज कराने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक धर्म जागरण समन्वय सौरभ शुक्ला, जिला विधि प्रमुख मोतीलाल कुर्रे, जिला सांस्कृतिक प्रमुख प्रकाश पाण्डेय, महामंत्री किसान मोर्चा अकलतरा नगर मंडल अनिरुद्ध सिंह, मंत्री किसान मोर्चा अकलतरा नगर मंडल साहिल खान, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अकलतरा नगर मंडल विद्या प्रकाश उपाध्याय एवं आशीष सिंह चैहान, किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष अवध चंद्रा, अंकू पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

अन्तागढ़/नवप्रदेश। अन्तागढ़ मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महँगाई के विरोध में प्रदर्शन किया, इस दौरान भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते रैली निकाली कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार बढती महंगाई के विरोध में अन्तागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार बढती महंगाई के विरोध में कहा केंद्र की भाजपा के शासन में मंहगाई अपने चरम पर है तथा आम आदमी का जीना दूभर हो चुका है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश चंदेल ने कहा कि पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम बेतहाशा बढते जा रहे हैं तथा भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारें मंहगाई पर काबू पाने में असफल साबित हुई हैं। 100 दिन में मंहगाई कम करने का वायदा करने वाली मोदी सरकार ने मंहगाई से देश की जनता का बुरा हाल कर दिया।

बढ़ती मंहगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ खडी होकर सरकार की नीतियों का विरोध करती है। वर्ष 2014 में 450 रुपये का बिकने वाला

रसोई गैस सिलिंडर 800 रुपये पर पहुंच गया है, पेट्रोल तथा डीजल 100 रूपये पर पहुंच गया है। ने कहा कि नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनने पर मंहगाई कम करने, दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वायदा एक जुमला साबित हुआ।

कोरोना महामारी के कारण लोगों के रोजगार ठप हो चुके हैं तथा पहले से मंहगाई की मार झेल रहा आम आदमी अब पेट्रोलियम पदार्थों (डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस) के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से जरूरत की चीजों के दामों में कई गुना वृद्धि के कारण पीड़ित है। दीलिप बघेल जिला पंचायत सदस्य ने कहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि के कारण खाद्य पदार्थों सहित सभी चीजों के दामों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होनी तय है। विषेशकर खाद्य्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण आम आदमी को दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तथा मंहगाई का बोझ आम आदमी के जीने की राह और कठिन बना रहा है। पहले से मंहगाई से त्राहि-त्राहि कर रही जनता पेट्रोलियम पदार्थों (पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस) की कीमतों में लगातार की जा रही वृद्धि से त्रस्त हो चुकी है तथा अब मंहगाई बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

आज के इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, जनपद अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े, जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, शेख सरीफ कुरैशी, दुर्गेश ठाकुर, राकेश गुप्ता, घनश्याम यादव, कार्तिक देहारी, दिलीप सरकार, चंद्रज्योत रामटेके, गोलू नायक, सूर्यकांत यादव, संतोष मंडल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जनता की जेब में डाका डाल रही केंद्र सरकार : मोहन मरकाम

बढ़ती महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ काँग्रेस ने किया प्रदर्शन

आज होगा नेशनल स्टेट हाइवे रोक सम्पूर्ण प्रदेश में सांकेतिक चक्काजाम

कोण्डागांव/नवप्रदेश। एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर देश मे लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ क्रमिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सम्पूर्ण प्रदेश में जिला व ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में मोदी जी के पुरानी भाषणों को आमजन के बीच ऑटो में माइक बांधकर महगाई के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा भाजपा जब विपक्ष में होती है तो महंगाई डायन होती है और वही मंहगाई सत्ता में आते ही प्रेमिका बन जाती है मोदी जी केंद्र में सरकार बनाने से पहले बड़ी बड़ी लच्छेदार भाषण देते थे मंहगाई को मुद्दे बनाकर आज मंहगाई नजर नही आ रही आम जनता की जेब मे डाका डाला जा रहा है।

कांग्रेस आमजन को मंहगाई के मार झेलते नही देख सकती आगामी समय में भी आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहेगी जिसमे दिनांक 18 जून दिन शुक्रवार को सम्पूर्ण प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर नेशनल स्टेट हाइवे रोक सांकेतिक चक्काजाम किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान, विधायक प्रतिनिधि द्वय शिशिर श्रीवास्तव, बुधराम नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तबस्सुम बानो, जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी रीतेश पटेल, सकुर खान, सुब्रत राय, विकल माने, जीतू गुप्ता, हीरा दीवान, गुनमति नायक, पार्षद शांति पांडे, ललिता नेताम, चंचला विश्वास,

आरती नेताम, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नंदू दीवान, उपाध्यक्ष अंकेश जैन, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, सर्वेश सेठिया, विकास कुंवर, चुन्नू, गोलू पटेल सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

विधायक की कार्यशैली व बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखला गई है

बीजापुर/नवप्रदेश। पामेड़ क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व बिजापुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने भाजपा जिला अध्यक्ष को याद दिलाते हुए कहा कि वर्तमान क्षेत्रीय विधायक पर आरोप लगाने के पहले अपने 15 साल के कार्यकाल को देख लेवे, जब उनकी सरकार थी तब तो उनके नेता सिर्फ हवा हवाई में ही रहते थे, न तो जनता की फिक्र थी न किसी और कि अपने कार्य काल मे भाजपा के नेता सिर्फ हवाई सफर व ऐसी कमरों में बैठ कर समय व्यतीत करते थे, उस समय को भूल गए।

आज वर्तमान विधायक लगातार जनता के बीच उनके सुख दुख में साथ दे रहे है,जनता ने जिस कार्य के लिए विधायक विक्रम को अपना जन प्रतिनिधि चुना है,वो उस पर खरे उतरे रहे है, ये बात भाजपा को हजम नही हो रही है।

पिछले 15 साल भाजपा की प्रदेश में सरकार के दौरान पूर्व विधायक सहित वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष कभी जिले केअति सम्वेदन शील क्षेत्र पामेड़ की जनता का हाल चाल जानने नही पहुचे और न ही पामेड़ की जनता के समस्याओ से अवगत हुए, और आज सरकार बदलने के दौरान जब इस क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विक्रम मण्डावी पामेड़ की जनता से मिलने पहुँच रहे है, वो भी सड़क मार्ग से और उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे है।

पुलिस ने जप्त किया चोरी के दर्जन भर मोटर सायकल

कोण्डागांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोण्डागांव के क्षेत्र में हो रहे लगातार मोटर सायकलो के चोरियों के मामलों में गंभीरता से कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी अर्चना धुरन्धर के मार्गदर्शन में सजगता से कार्य कर रही थी। उक्त टीम को 15 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की कोण्डागांव गांधी वार्ड निवासी किशोर मण्डल, आकाश दत्ता, विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा कोण्डागांव, कांकेर, धमतरी, जगदलपुर, रायपुर, बलौदा बाजार व आसपास के क्षेत्रो से मोटर सायकलो की चोरी कर चोरी के मोटर सायकलों को कोण्डागांव, जगदलपुर, के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में छुपाकर रखने की सूचना मिलने पर उक्त सूचना पर आरोपीयों आकाश दत्ता , विधि से संघर्षरत् बालक, किशोर मण्डल का कृत्य अपराध से संबंधित होने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आटो में लाउडस्पीकार चलाकर कांग्रेसियों ने जताया विरोध

अकलतरा/नवप्रदेश। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन के नेतृत्व में देश में पेट्रोलियम उत्पादन सहित अन्य वस्तुओं में बढ़ती महंगाई को देखते हुए, ऑटो में लाउडस्पीकर लगाकर जनता के बीच प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया गया है। मोदी का यह ऑडियो जो प्रदेश के हर कोने में जनता तक पहुंचे यह इस मुहिम का मकसद है। इस मुहिम में शामिल हुए मंजू सिंह, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मून खान, जिलाध्यक्ष अंकित सिंह, असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण नगर अध्यक्ष दीप पाटले, पार्षद विजय खांडेल, पार्षद राजेश जैसवाल, पार्षद स्वाति शर्मा, एल्डरमेन श्याम खरे, पूर्व नगर अध्यक्ष रविन्द्र साहू, सतीश दीवान, भविष्य चंद्राकर, मोईद बाबा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजनीति के आगे प्रशासन का कोविड नियम हो गया है बौना

नियमों को ताक में रखकर गाजे-बाजे के साथ कोरोना को आमंत्रण देने निकले क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी-मुदलियार

बीजापुर/नवप्रदेश। उक्त बयान भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने दिया है उन्होंने आगे कहा है जिले के उसूर विकासखंड में कोरोना संक्रमण अधिक फैलने के चलते जिला प्रशासन कन्टेन्टमेंट ज़ोन घोषित किया है,लेकिन क्षेत्र का एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता को कोरोना से बचाव व नियंत्रण हेतु सजग करने के बजाय स्वयं विधायक इस महामारी के दौरान लोगों का भीड़ एकत्रित कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं।

कोविड प्रोटोकॉल का घोर उल्लंघन कर अपने आप को संविधान से ऊपर समझ बैठे हैं। जबकि स्वयं सूबे के मुख्यमंत्री वर्चुअल के माध्यम से कोविड प्रोटोकॉल के पालन/ परिपालन हेतु दिशा निर्देश जारी कर रहें है वही दूसरी ओर विधायक भीड़ एकत्रित कर सभाएं आयोजित कर कोरोना महामारी को आमंत्रित कर रहे हैं।

साथ ही जिला प्रशासन की निष्क्रियता और चुप्पी पर जिला अध्यक्ष मुदलियार ने सवाल उठाया है। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो और दार्शनिक व अन्य स्थानों पर आम लोगों के लिए महज नियम बनाकर प्रशासन खानापूर्ति कर रही है,कोविड नियमों के उल्लंघन में प्रशासन विधायक पर कोविड नियमों के तहत कार्यवाही करेगी या उनके लिए नियमों में छूट है स्पष्ट करें। साथ ही क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण से लोग संक्रमित होतें है और नुकसान होता है तो इसके जिम्मेदार केवल और केवल क्षेत्रीय विधायक होंगे।

विधायक मास्क लगाए बगैर लोगों के बीच जा रहे हैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हैं वे ऐसा करके क्या संदेश देना चाहते है,अपनी राजनीतिक हित छोड़कर लोगों की चिंता करे और स्वयं भी नियमों का पालन करे साथ ही जिला प्रशासन अपना जवाबदेही तय कर कार्यवाही करे।

भाजपाईयों ने विधायक निवास का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

कोण्डागांव/नवप्रदेश। घोषणा पत्र में किए वादों से वादा खिलाफी का आरोप लगाते आज भाजपाई लस्थानीय विधायक व पीसीसी प्रदेश अध्यक्ष के का घेराव करते नजर आए।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश मे कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे हो चुके है,अपने घोषणापत्र मे जनता से किए गए वादों को पूरा कराने हेतु विधायक को नींद से जगाने के लिये आज भाजपा पदाधिकारियों अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू पोयाम, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, जितेंद्र सुराना, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवर पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, लक्ष्मी ध्रुव, सोनामनी पोयाम, बबिता मरकाम, वर्षा यादव, मीनू कोर्राम, दयाराम पटेल, जैनेंद्र सिंह ठाकुर, सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा कोविड नियमों का पालन करते हुये गुरुवार को विधायक निवास के सामने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा कि चुनाव पूर्व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जनता से

बहुत से वादे किये थे परंतु शासन में आते ही वह इन वादों को भूल गई है। इन्ही वादों की याद दिलाने विधायक मोहन मरकाम के निवास के समक्ष प्रदर्शन किया गया है।

इस प्रदर्शन में भाजपाइयों व पुलिस के बीच हल्की झूमा झटकी के बीच विधायक के निज सहायक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज की पूरी खरीदी, वनाधिकार प्रमाणपत्र प्रदान करने, पांचवी अनुसूची क्षेत्र मे पेसा कानून लागू करने, चंद्रशेखर ठाकुर को न्याय दिलाने, आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचार, प्रताड़ना, दुष्कर्म, झूठे मामले सहित सिलगेर की दुर्भाग्यजनक घटना पर कांग्रेस विधायकों की चुप्पी, जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति पर लगी रोक सहित पदोन्नति मे आरक्षण संबंधी नीतियों पर स्पष्टीकरण एवं फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों की जांच संबंधी कई मसले उठाए गए एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग रखी।

इस दौरान छोटू सलाम, रौनक दीवान, अंकुश संचेती, शनिल भंसाली, संजू ग्वाल, कुलवंत सिंह,महेंद्र पारख, विश्वजीत चक्रवर्ती, विनयराज, हर्ष लाहोटी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनसेवा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बालको ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और सैनिटाइजेशन अभियान संचालित किया

बालको ने कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिए की डेढ़ लाख नागरिकों की मदद

बालकोनगर/नवप्रदेश। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरोना की दूसरी लहर से निपटने की दिशा में लगभग डेढ़ लाख नागरिकों की मदद की। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बालको ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और सैनिटाइजेशन अभियान संचालित किया।

जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए बालको ने पीपीई किट और दवाइयां वितरित कीं। कोरोना से लड़ने के लिए नया रायपुर में 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक बालको फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया। परियोजना उन्नति और वेदांता स्किल स्कूल के जरिए जरूरतमंद नागरिकों के लिए आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने कहा कि चुनौती की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर अपने परिवारजनों और जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। बालको द्वारा अपने प्रचालन क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। सामुदायिक विकास परियोजनाओं के जरिए स्वास्थ्य के साथ ही आजीविका के अवसर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जरूरतमंदों को हरसंभव चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। श्री पति ने नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की

शुभकामनाएं दीं।

बालको ने 'आरोग्य परियोजना' के जरिए लगभग 22000 ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई हैं। चुईया और परसाभाठा के वेदांता ग्रामीण चिकित्सालयों के जरिए आसपास के हजारों नागरिकों को मदद मिल रही है। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां दी जा रही हैं। उन्हें कोविड से बचाव की दिशा में चिकित्सा दल सुरक्षात्मक उपायों के साथ ही टीकाकरण संबंधी जानकारी दे रहे हैं।

जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक माध्यमों का प्रयोग किया जा रहा है। आसपास के 30 क्षेत्रों में लगातार सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। कोरोना काल में बालको के सैनिटाइजेशन अभियान का ही नतीजा रहा कि ग्राम दोंदरो के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को लगातार संक्रमण मुक्त बनाए रखने में मदद मिली। यहां भर्ती ग्राम बेला की कोरोना पॉजिटिव्ह श्रीमती फूल कुंवर ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से सुरक्षित रूप से स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। फूल कुंवर के परिवारजनों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सिलवंती बरूआ ने ग्रामीण क्षेत्रों में बालको के सैनिटाइजेशन और जागरूकता अभियान की प्रशंसा की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती कविता डिक्सेना ने कोविड दिशानिर्देशों के अनुरूप बालको द्वारा दोंदरों स्वास्थ्य केंद्र के सैनिटाइजेशन को सराहनीय बताया। बालको ने अपने संयंत्र तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 14000 परिवारों को सैनिटाइजेशन किट उपलब्ध कराए। इससे लगभग 40 हजार नागरिक लाभान्वित हुए। प्रत्येक किट में दोहरे स्तरों वाले पांच मास्क, सैनिटाइजर और साबुन मौजूद है। विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की 125 महिलाओं ने परियोजना उन्नति के अंतर्गत 70 हजार मास्क तैयार कर आय प्राप्त किया।

कवर्धा। मानसून के लगते है कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम गोछीया में इन दिनों प्रवासी पक्षी सैकड़ों से ज्यादा की संख्या में दिखाई दे रहे है जो ग्राम की शोभा बढ़ा रहे हैं।

महापौर के टेबल में गिट्टी उड़ेलने का मामला!

सोशल मीडिया में मचा बवाल, तब निगम अधीक्षक ने कराया एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। नगर निगम के विपक्षी पार्षदों के हल्ला बोल और महापौर के टेबल में डामर उड़ेलने की घटना के बाद सोशल मीडिया में बवाल मच गया है। बवाल मचाता देख नगर निगम के अधीक्षक की शिकायत पर रामपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।

नगर निगम में चल रहे निर्माण कार्यो की पोल खोलने जब विपक्षी पार्षद एकजुट दिखे और सड़क की गिट्टी और मिट्टी लेकर महापौर के दफ्तर पहुंचकर गिट्टी महापौर के टेबल में उड़ेलकर जमकर नारेबाजी की। घटना के बाद वीडियो और समाचार को लेकर सोशल मीडिया में सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं में बवाल बढ़ता गया। नेताओ ने एक दूसरे आरोप लगाते हुए किसी ने कदाचरण का आरोप लगाया तो किसी ने कांग्रेस के पुराने फोटो को टैग कर कहा

शुरुवात तो आप लोगों ने ही है। दर्री के के वाट्सअप ग्रुप में समाचार को टैगकर सत्ता पक्ष के खिलाफ एक से बढ़कर एक कमेंट्स का दौर चलता रहा। विवाद बढ़ता देख विपक्षी नेताओं के मुंह बंद करने के लिए सत्ता पक्ष के नेताओ के इशारे पर नगर निगम अधीक्षक ने विपक्षी पार्षदों के खिलाफ अपराध दर्ज करा दिया है।

बीजेपी के पूर्व एल्डरमैन ने डामर चोरी का किया जिक्र

सड़क में डामर कम गिट्टी ज्यादा का खेल सोशल मीडिया में यही तक नही रुका दर्री भाजपा नेता नीरज शर्मा ने तो तंज कसते हुए यहा तक कह दिया तभी तो सड़क से डामर चोरी होती है। बेजेपी नेता के इस कमेंट्स के बाद लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं का वाहवाही मिलता रहा । नीरज शर्मा यही नही रुके उन्होंने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि आज से कुछ वर्ष पूर्व जब कांग्रेस विपक्ष में थी कांग्रेस तब पार्टी के बड़े नेताओ ने दर्री जाकर एसपी रेगे के घर बंगले में कालिख पोता गया था ,तब कंहा गई थी संवैधानिक बातें।

सुधीर जैन ने कहा हो एफआईआर दर्ज

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री के अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा प्रशासनिक भवन स्थित महापौर का कार्यालय संवैधानिक गरिमा के अंतर्गत आता है ,जहां भारतीय जनता पार्टी के पार्षद हितानंद अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ अमर्यादित आचरण करते हुए निगम के प्रशासनिक भवन को अपने निजी आवास में किए जाने वाले आचरण की तरह उपयोग किया , घटिया और विवेक शून्य आचरण की जितनी निंदा की जाए वह कम है, जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाने का यह तरीका अशोभनीय है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री हितानंद अग्रवाल के साथ शामिल अन्य लोगों के खिलाफजिलाधीश महोदय से यथोचित कार्रवाई की मांग करती है।

> नगर निगम अधीक्षक रविन्द्र मसीह की शिकायत पर नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंदअग्रवाल ,रितु चौरसिया सहित अन्य लोगों के खिलाफआईपीसी की धारा 147,186,269,270 के तहत अपराध दर्ज किया है।
>
> **मयंक मिश्रा,** रामपुर चौकी प्रभारी

कैबिनेट मंत्री के प्रस्ताव पर लगभग 1.50 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति

कवर्धा। वन, परिवहन पर्यावरण एवं आवास मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2021-22 के अंतर्गत नवीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, खाद्य गोदाम, व्यवसायिक परिसर एवं मुक्तिधाम शेड निर्माण हेतु कबीरधाम जिले के लिए 1 करोड़ 49 लाख 33 हजार रूपये के विभिन्न 24 निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्राप्त हुई है मंत्री मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम जिले के कवर्धा, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत निर्माण कार्यो का प्रस्ताव मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से स्वीकृति हेतु भेजा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यो में ग्राम मगरवाडा, घोठिया, मोहगांव मे नवीन पंचायत भवन, ग्राम खारा में 02 यूनिट व्यवसायिक परिसर, ग्राम खड़ौदाखुर्द, रेंगाखारकला, सरोधी, अंधरीकछार, बदनापानी, खड़ौदा खुर्द, कोडार, तमरूवा, कुरूवा, सूरजपुरा जंगल में सामुदायिक भवन निर्माणहेतु राशि स्वीकृत किया गया।

चौकी बाजार चारभाठा पुलिस तथा ग्राम मुंगेलीडीह के ग्राम वासियों के सूझ भुझ से बची तलाब में डूबती महिला की जान

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर किसी भी प्रकार के अपराध को अंजाम देने वाले अपराधिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। साथ ही असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की यथासंभव मदद करने कहा गया है। इसी तारतम्य में दिनांक - 16/06/2021 को रात्रि 8:15 बजे चौकी बाजार चारभाठा पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ की कोई व्यक्ति ग्राम मुंगेलीडीह के गहरे तालाब में डूब रहा है। की सूचना पर तत्काल चौकी बाजार चारभाठा

क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे चौकी प्रभारी उप. निरीक्षक श्री नवरत्न कश्यप एवं चौकी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा ग्राम वासियों एवं पुलिस टीम की मदद से गहरे तालाब में डूब रही महिला को तालाब से बाहर निकाला गया जिस पर महिला की पहचान श्रीमती अनूपा कौशिक पति श्री शेखराम कौशिक उम्र 28 वर्ष ग्राम मुंगेलीडीह का होना बताया गया महिला अधिक समय तक पानी में डूबी रह गई थी जिससे तालाब का गंदा पानी काफी मात्रा में पेट में चला गया था। जिससे महिला बेहोशी के हालत में थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग वाहन में चौकी प्रभारी तथा महिला के परिजनों के सहयोग से जिला अस्पताल कबीरधाम में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में महिला को कुछ समय बाद होश आ गया तथा वह अब सुरक्षित है। जिस पर परिजनों एवं ग्राम वासियों द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में : आर्थिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष

कवर्धा। प्रदेश संगठन व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह आह्वान पर जिला आर्थिक प्रकोष्ठ कबीरधाम के जिला संयोजक अतुल देशलहरा के निर्देशानुसार आज शहर के वार्ड नं 24, 26 एवं 27 शक्ति केन्द्र में प्रदेश कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के ढाई साल में कांग्रेस सरकार

द्वारा प्रदेश में फैलाई गई अराजकता एवं जनता से की गई वादा खिलाफी के विषय को लेकर भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने गुरुनानक गेट से नवीन बाजार गुरु तेगबहादुर चौक में जाकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर युवाओं से दुकानदारों से सम्पर्क किया गया इस दौरान कांग्रेस के क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। जिला महामंत्री सनत साहू ने कहा कि आम जन से पूछे गए प्रश्न से भूपेश सरकार का असली चेहरा उजागर हुआ सरकार अपने सभी वादों से मुकर गयी है जनता निश्चित ही आने वाले समय मे कांग्रेस को सबक सिखाएगी। उक्त कार्यक्रम में में भाजपा के जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता, वीरेन्द्र साहू,जिला उपाध्यक्ष भाजपा जसविंदर बग्गा रामकुमार ठाकुर रघुनाथ योगी जितेंद दुबे अविनाश पारख रूपेश जैन संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पीयूष ठाकुर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मधु तिवारी मनोज गुप्ता पूर्व उपाध्यक्ष पन्ना चन्द्रवंशी जिला भाजपा पवन जायसवाल पार्षद भगवंती सौखी अहिरवार एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

उतई। शादी तय कर युवती से दुष्कर्म कर शादी से मुकरने वाले आरोपी युवक को मचांदूर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने टीम बनाकर घेराबंदी कर आरोपी के घर ग्राम अर्जुन्दा थाना अर्जुन्दा जिला बालोद से किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराधों पर त्वरित अंकुश लगाने हेतु दिये गये दिशा निर्देश पर अति 0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन आकाश राव गिरेपुंजे एवं थाना प्रभारी उतई निरीक्षक नवी मोनिका पाण्डे के मार्गदर्शन मे चौंकी प्रभारी मचांदूर उप निरीक्षक श्यामसिंह नेताम के नेतृत्व में चौंकी मचांदूर थाना उतई के आरोपी गुमान कुमार यादव पिता स्व . संतराम यादव उम्र 26 साल साकिन ग्राम अर्जुन्दा थाना अर्जुन्दा जिला बालोद को उसके घर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गुमान कुमार यादव ने शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के घर में अपने परिवार एवं समाज वालों के लेकर पीड़िता के साथ शादी तय हो गया कहकर सामाजिक रिवाज अनुसार पैसा पकड़ा कर चले गये। दिनांक 22 फरवरी को आरोपी अकेला पीड़िता के घर आकर उनके माता पिता के अनुपस्थिति में तुम मेरी पत्नी हो गई हो कहकर जबरदस्ती एक से अधिक बार शारीरिक संबंध बनाया। अब शादी करने से इंकार करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपी द्वारा अपराध करना कबूल करने पर धारा 376 376 (2) (ढ) भादवि के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

उतई में 19 लाख से बनेगा गौठान

नवप्रदेश संवाददाता

उतई । नगर पंचायत उतई में नरवा गरवा घुरवा बारी योजना अन्तर्गत तीन एकड़ में 19 लाख की लागत से गौठान का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महत्वाकांक्षी गौठान योजना के तगत इसका निर्माण कार्य होगा। गुरुवार को गोठान निर्माण हेतु इंदिरा नगर उतई में स्थित 3 एकड़ जमीन में ले आउट किया गया। इसके साथ ही शुक्रवार से निर्माण भी शुरू हो जायेगा। इस दौरान नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, सब इंजीनियर डी आर साहू , सहायक राजस्व निरीक्षक अंकालूराम साहू, योगेश साहू व ठेकेदार एस के सिंह उपस्थित थे।

पालतू मवेशियों के लिए डे केयर और लावारिस के लिए आश्रय स्थल: नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने बताया कि गौठान का उपयोग दो तरह के मवेशियों के लिए किया जाएगा। पालूत मवेशियों के इसका उपयोग डे केयर के रूप में होगा। ऐसे मवेशियों को समिति द्वारा हर हाल में शाम साढ़े चार बजे लोगों के घरों के लिए छोड़ दिया जाएगा। लावारिस या फिर ऐसे मवेशी जिसे पालक रखने का इच्छुक नहीं है उसके लिए यह आश्रय स्थल के रूप में उपयोग किया जाएगा । गौठान के संचालन के लिए समिति को सेवा शुल्क भी दिया जाएगा ।

पशुओं के लिए चारा व पानी की होगी व्यवस्था

उप अभियंता डीआर साहू ने बताया कि गौठान इंदिरा नगर उमरपोटी रोड के 3 एकड़ जमीन में बनेगा। जिसमें पशुओं के बैठने के लिए प्लेटफार्म, बछड़ों व बीमार पशुओं और चारा के लिए शेड, पीने के पानी के लिए टंकी एवं अन्य उपयुक्त संरचनाएं बनाई जाएंगी। पानी के लिए नलकूप खनन कराकर सोलर पंप लगाए जाएंगे। गांवों के शत-प्रतिशत मवेशी गोठान में रहें । यह जिम्मेदारी गौठान समिति की होगी । यह मवेशियों के लिए डे-केयर सेंटर के रूप में उपयोग किया जाएगा। गोठान निर्माण के लिए शासन द्वारा 19 लाख स्वीकृत किया गया है। घुरुवा विकास के तहत गौठान में सामुदायिक आधार पर बायो गैस प्लांट वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण इकाईयां, चारा विकास एवं दुग्ध संग्रहण केंद्र बनाए जाने की योजना है। गोबर से जैविक खाद का उत्पादन होगा। जिससे कम लागत में अधिक फसल उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा का उत्पादन होगा।

शराबबंदी और बेरोज़गारी भत्ता दिलाने युवा मोर्चा ने किया विधानसभा कार्यालय का घेराव

- युवा मोर्चा ने सौंपा मांग पत्र और शराब की बोतल की भेंट

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। आज प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार और जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल ठाकुर के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा कबीरधाम द्वारा कवर्धा विधायक को शराब भेट करने पहुँची शराब बंदी और और 2.5 साल का 75000 बेरोज़गारी भत्ता देने की मांग की।

भारतीय जनता युवा मोर्चा कबीरधाम के जिलाध्यक्ष ठाकुर पीयूष सिंह ने बताया की पवित्र गंगाजल की कसम खाने वाली कांग्रेस की सरकार

को बने 2.5 वर्ष पूर्ण हो गई है , छत्तीसगढ़ के जनता के साथ बहुत से वादाखिलाफी सरकार ने किया है उनमें से एक महत्वपूर्ण वादा जो विशेष रूप से महिलाओं से किया था कि कांग्रेस सरकार आते ही राज्य में पूर्ण शराबबंदी होगी पर अभी तक शराबबंदी तो दूर एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है, और न ही बेरोजगारों को ढाई साल से बेरोज़गारी भत्ता मिल रहा है , 1 लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया भी पूरा नहीं कर रही है , और आज पूरे छत्तीसगढ़ के जनता भय और आतंक से त्रस्त है , आज छत्तीसगढ़ का प्रत्येक वर्ग महिलाए, किसान , बुजुर्ग सभी अपने आपको छला हुआ और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

रिपोर्ट कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं के मुख्य धारा से नही जोडा गया तो इसका पूरा लाभ आने वाले दिनों में भाजपा को होगा

राजिम विधानसभा क्षेत्र में अमितेश शुक्ल का विरोध बढ़ता जा रहा है

जीवन एस.साहू

गरियाबंद (नवप्रदेश)। राजिम विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों वरिष्ठ कांग्रेसियों की पुछ-परख नही होने की लगातार शिकायतें मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम को हो रही है । पूरे क्षेत्र में राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के ऊपर लगातार उपेक्षा एवं स्व.पं.श्यामाचरण शुक्ल के समय से अब कट्टर समर्थन माने जाने वाले कर्मठ कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने आपको सक्रिय राजनीति से दूर करते चले आ रहे है, स्व.पं.श्यामाचरण शुक्ल म.प्र. के तीन बार मुख्यमंत्री रहे तब राजिम क्षेत्र प्रदेश का ''सिरमौर'' कहलाता था । वहीं आज कट्टर कांग्रेसी अपने आपको ठगा महसुस कर रहे है । स्व.पं.श्यामाचरण शुक्ल कभी अपने कार्यकर्ताओं पर गुमान करते थे लेकिन अब स्थिति ठीक विपरित है नये कार्यकर्ता की विश्वनियता का आभास चुनाव परिणाम के बाद होगा ।

राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु गरियाबंद भी इससे अछूता नही है एकाएक विधायक अमितेश शुक्ल के बदले हुए तेवर से जनता एवं कार्यकर्ता अचंभित है । स्व.पं.श्यामाचरण शुक्ल कार्यकर्ताओं का सम्मान करते थे और उनकी सारी बाते सुनते थे लेकिन वर्तमान में यहां उल्टी गंगा बह रही है । कांग्रेस की सरकार होकर अपनी ही सरकार के विरू(प्रर्दशन एवं अधिकारियों का घेराव से प्रदेश के रणनीतिकार स्वयं अचंभित है । कल तक श्री शुक्ल ग्रुप पुरे प्रदेश में अपना वर्चस्व बनाए रखे थे वही आज मात्र अपने ही क्षेत्र में सीमित हो गए है यह चिंतनीय, सोचनीय है । अगर इस पर गंभीरता पूर्वक नही सोचा गया और कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं के मुख्य धारा से नही जोडा गया तो इसका पूरा लाभ अपने वाले दिनों में भाजपा को होगा

। गत वर्ष अमितेश शुक्ल के शिलान्यास पत्थर को तोड़ा गया । यह कांग्रेस संगठन की चिंता होनी चाहिए लेकिन वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि युवक कांग्रेस के उम्र के कार्यकर्ताओं को सीधे जिले में एवं ब्लाक में पदाधिकारी बनाना वरिष्ठों का अपमान है । ऐसी स्थिति में पूरा राजिम विधानसभा क्षेत्र इसी ज्वर से पीड़ित है ।

गरियाबंद जिले में महिला कांग्रेस की भी स्थिति कुछ इसी तरह की है और ऐसी महिलाएं इस समय कांग्रेस में सक्रिय है जो कभी कांग्रेस से सदस्य भी नही रहे है । ऐसे लोगों का बोलबाला होने से संभ्रांत महिलाएं अपने आपको सक्रिय राजनीति से दूर कर रही है । वेल्डर मेन की नियुक्ति और उन्हें बदलने के मुद्दे पर सभी नगर परिषद और पालिकाओं में असंतोष व्याप्त है । फिंगेश्वर क्षेत्र में बहुत से कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से स्तीफा लिखकर राकेश तिवारी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के नाम इस्तीफा दे दिया है और अब इस्तीफों का दौर शुरू हो चुका है अगर इस पर श्री शुक्ल गंभीर नही हुए तो उनकी मुश्किल और बढ़ती चली जाएगी । कार्यकर्ताओं का कहना है कि नये को नये की तरह और पुराने को पुराने की तरह महत्व मिलना चाहिए ।

इस्तीफो का दौर जारी

गौरतलब है कि फिंगेश्वर ब्लाक के सतनामी समाज के 60 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिसमें प्रमुख रूप से सतनामी समाज के अध्यक्ष राज)षि टंडन, बंशीलाल धृतलहरे, लक्ष्मण माण्डले, आशाराम धृतलहरे, संतोष माण्डले, शारदा प्रसाद मांण्डले, राजा माण्डले किशेश्वर धृतलहरे आदि ने लिखित आवेदन में कांग्रेस पार्टी से त्याग पत्र देने की जानकारी दी उन्होंने कहा कि विधायक अमितेश शुक्ल द्वारा लगातार समाज के लोगों की उपेक्षा, वायदा खिलाफी एवं पुछ परक न किए जाने से क्षुब्ध होकर हम सभी ने पार्टी सामुहिक स्तीफा देने का निर्णय लिया है, उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमने जी जान लगाकर कांग्रेस को विजय बनाने के लिए काम किया । वे वर्षो से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता है । स्व.पं. श्यामाचरण शुक्ल के समय से नगर का सतनामी समाज श्याम भैय्या के नेतृत्व में आस्था एवं विश्वास के साथ अब तक पार्टी से जुड़ा रहा है परंतु पिछले दिनों नगर के नवनिर्मित शासकीय अस्पताल भवन के नामकरण के लिए हमने विधायक श्री शुक्ल से भेंटकर अस्पताल का नाम बाबा घांसीदास के नाम से किए जाने का निवेदन किया था तब श्री शुक्ल ने स्पष्ट आश्वासन दिया था कि नामकरण का समय आएगा तो आप लोगों की मनसानुसार कार्यवाही करेगें । लेकिन जब अस्पताल का नामकरण हुआ तो विधायक श्री शुक्ल ने कोई पुछताछ नही की ।